● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 332, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 21 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

राजस्थान में पेंशन नहीं मिलने से लाखों लाभार्थी परेशान: अशोक गहलोत 5

सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए: अक्षर पटेल 6

आयु की प्रत्येक अवस्था में बेहतर जीवन जीने का प्रमाणिक मार्ग है आयुर्वेद : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 21वें आयुर्वेद पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय सेमिनार और आरोग्य मेले का किया शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आयुर्वेद के माध्यम से ही सौ वर्ष जीने के लक्ष्य को साकार कर जीवते शरद॰ शत् के भाव को सिद्ध किया जा सकता है। आयुर्वेद, आयु की प्रत्येक अवस्था में बेहतर जीवन जीने का प्रमाणिक मार्ग है। परमात्मा ने प्रकृति में ही हर व्याधि के लिए औषधि दी है, इस तथ्य का सर्वाधिक ज्ञान और उसे व्यवहार में लाने की क्षमता आयुर्वेद में नीहित है। वनस्पतियों की जानकारी और योग की क्षमता से व्यक्ति स्वस्थ रहने के मार्ग का अनुसरण कर सकता है। आयुर्वेद हजारों साल पुरानी परंपरा है, संपूर्ण विश्व इसका अनुसरण करने के लिए तत्पर है और भारत आयुर्वेद की विधा का राजदूत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा की

इस विधा को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगला आयुर्वेद पर्व सिंहस्थ 2028 के अवसर पर उज्जैन में करने के लिए आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य सरकार इस पर्व की आयोजक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को 21वें आयुर्वेद पर्व-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन-सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ किए जाएंगे। नई शिक्षा नीति के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालयों को आयुर्वेदिक, मेडिकल सहित अन्य सभी प्रकार के कोर्स संचालित करने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। आयुर्वेद में पैरामेडिकल, नर्सिंग आदि कोर्सेज चलाने की व्यवस्था की जाएगी। आयुष से संबंधित क्लीनिक और नर्सिंग होम पंजीयन का कार्य आयुष विभाग को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के समान आयुष में भी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान उज्जैन में आरंभ किया जाएगा। आयुष विभाग की क्रय नीति में आवश्यक संशोधन कर उसे सरल बनाया जाएगा। प्रदेश में आयुर्वेदिक उत्पादों की इकाई स्थापित करने पर राज्य शासन की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। उज्जैन में सिंहस्थ के लिए आयुर्वेदिक संस्थानों को भी स्थाई निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय वैदिक न्यायालय स्थापित करने में राज्य शासन की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई हिंदी में भी करने की व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की पहचान टाइगर राज्य के रूप में है। प्रदेश वन्य प्राणियों की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहा है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है, यहां से निकलने वाली नर्मदा- गुजरात को, ताप्ती- महाराष्ट्र एवं गुजरात को, चंबल- राजस्थान से होते हुए उत्तर प्रदेश को और केन -बेतवा भी उत्तर प्रदेश को समृद्ध बनाती है। गर्व का विषय है कि नदी जोड़ो अभियान का क्रियान्वयन देश में सबसे पहले मध्य प्रदेश में ही हो रहा है।

2047 तक विकसित भारत बनाने में दें योगदान : राजनाथ

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा।

दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हैं, पर आत्मा एक है। शाखाएं अनेक हैं मगर जड़ एक है। किरणें अनेक हैं, मगर प्रकाश एक है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिकी के शिक्षक थे। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है।

दिल्ली छावनी में 30 दिसंबर से चले गणतंत्र दिवस शिविर में देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि

इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे। पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।

पार्टी और सरकार को बचाना मेरा कर्तव्य : शिवकुमार

बेलगाम। कर्नाटक में कांग्रेस में अंदरूनी कलह की खबरों के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि उनका कर्तव्य पार्टी और सरकार को बचाना है। उन्होंने कहा, मेरा पहला कर्तव्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करना है। मैं अपना काम कर रहा हूं। मीडिया में कोई आपको जो झूठ बोल रहा है, उस पर विश्वास न करें। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस पार्टी में कोई विद्रोह या आंतरिक कलह है, तो उन्होंने कहा, कोई विद्रोह नहीं है। किसी के साथ कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। मैं ऐसा अध्यक्ष हूं जो सभी को समान मानता है, मेरे लिए सभी एक

समान हैं। मुझे सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।

कुछ मंत्रियों की तरफ से राहुल गांधी से शिकायत किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कि रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक के प्रभारी महासचिव पद से हटा दिया जाना चाहिए, उन्होंने कहा, कोई गलत जानकारी देकर मीडिया की गरिमा को खराब कर रहा है। मैं रविवार को एक वरिष्ठ विधायक के घर गया था। कुछ टीवी मीडिया ने एक नई कहानी बनाई थी कि उनका किसी से झगड़ा हुआ था।

डीके शिवकुमार ने आगे कहा, फिरोज सेठ पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने विधायक के तौर पर मेरे साथ काम किया है। बेलगाम में सम्मेलन चल रहा है। उन्हें इस सम्मेलन की समिति का सदस्य बनाया गया है। संगठन के लिहाज से मैं जिला अध्यक्ष से मिलने गया था। हालांकि, मीडिया ने कुछ और ही रिपोर्ट कर दी। उन्होंने कहा, मीडिया को यह मानकर अपनी गरिमा को खराब नहीं करना चाहिए कि किसी ने कोई स्टोरी प्लांट की है।

ताहिर हुसैन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की कि ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक टाल दी है, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, ताहिर हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया।

आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले कोर्ट ने सुनाया फैसला

दोषी संजय रॉय को सुनाई उम्रकैद की सजा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मामले में सोमवार को सजा का एलान कर दिया गया है। कोर्ट ने दोपहर 2.45 बजे अपना फैसला सुनाते हुए दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। सियालदह अदालत ने संजय रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सियालदह कोर्ट के जज अनिरबन दास ने कहा कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है। पीड़ित परिवार को उसकी मौत के लिए 10 लाख रुपये मुआवजा और 7 लाख रुपये अतिरिक्त दिया जाना चाहिए।

इससे पहले सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में संजय रॉय को कोलकाता की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है।

फैसला सुनाने से पहले दोषी को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान संजय रॉय ने अदालत से कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है, मैंने कोई अपराध नहीं किया है। इस पर सीबीआई ने कहा कि यह जघन्य अपराध है। इसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सीबीआई के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि हम समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुरोध करते हैं। मामले में पीड़िता के माता-पिता ने दोषी के लिए मौत की सजा की मांग की है।

मैं इस फैसले से संतुष्ट नहीं, हमने मृत्युदंड की मांग की थी : ममता

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से जबरन ले लिया गया।

राजस्थान में कुर्ता पजामा बना एग्जाम ड्रेस

मेटल चेन और जिप वाले जींस-पैंट और जैकेट पर बैन

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों को अब कुर्ता-पजामा पहनकर परीक्षा देने जाना होगा। बोर्ड की ओर से ड्रेस कोड में बदलाव किया गया है।बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने सभी अभ्यर्थियों को मेटल चेन और मेटल जिप वाले जींस-पैंट या जैकेट पहनने पर रोक लगाई है। यदि अभ्यर्थी ऐसे कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचेंगे तो उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दरअसल, हाल ही में आयोजित कराई गई जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट को रोकने और पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य से डीटेल्ड फिस्किंग, बायोमेट्रिक और सीसीटीवी लाइव कवरेज की शुरुआत की गई थी। डीटेल्ड फिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों की मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर से जांच की गई, जिसमें छात्रों की ओर से पहने गए जैकेट, जींस और पैंट में लगी जिप और चेन की वजह से मेटल डिटेक्टर में बीप की आवाज आई।

पूर्व राष्ट्रपति महाकुंभ में चल रही मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए

प्रयागराज। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि मैंने देखा है कि हम श्रीराम को मानते हैं, उनके चरित्र को मानते हैं, उनके चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं, उनकी शिक्षाओं को जानने का प्रयास करते हैं, लेकिन राम की नहीं मानते हैं। मानने में हम सभी लोग पहले हैं, परंतु जहां राम की बात मानने की बात आती है, वहां हम थोड़े से झिझकने लगते हैं। यह एक चुनौती है और इसे कैसे हम अपने जीवन में लाएं, इसके लिए हमें धीरे-धीरे चलते रहना होगा चरैवेति चरैवेति ताकि प्रभु श्रीराम का चरित्र हम सब के जीवन में आए। वह

सोमवार को अरैल स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में चल रही मोरारी बापू की कथा में पहुंचे थे। स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती ने पूर्व राष्ट्रपति और परिवार का इलायची की माला पहनाकर स्वागत किया। रामनाथ कोविंद ने महाकुंभ व मानस संगम में संत और श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सब मेरा परिवार हैं। मेरे मन में एक ही बात है कि बापू की श्रीराम कथा शृंखला की 950वीं कथा है, यह एक सुखद संयोग है और हम एक हजार श्रीराम कथाओं तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। कथावाचक मोरारी बापू ने पूर्व राष्ट्रपति के साथ अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आपके सानिध्य में बिताए दृश्य अद्भुत और अलौकिक हैं। आज भी मुझे याद है, जब आप गुरुकुल आए थे, सभी व्यवस्थाएं एक ओर थीं, पर आपकी आस्था एक ओर थी। आपने हमारे पूरे गांव को कहा था कि यदि कभी दिल्ली आओ तो कहीं और मत रुकना, राष्ट्रपति भवन में रुकना।

गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो माओवादी ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल को नक्सलियों के खिलाफ फिर बड़ी सफलता मिली है। गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रायपुर भेजा गया। फिलहाल, जवान खतरे से बाहर है। राजधानी के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सर्च ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें एक एसएलआर हथियार जब्त किये गये हैं।

बताया जाता है कि सुरक्षाबलों ने सुबह साढ़े आठ बजे से कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में बड़ा ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस पुलिस की 10 टीमें संयुक्त रूप से शामिल रहीं। इसमें तीन एसओजी, दो छत्तीसगढ़ पुलिस (श्व-30) और पांच सीआरपीएफ की टीमें शामिल थीं।

महाकुंभ में किन्नर अखाड़े के पास लगी आग, मची अफरातफरी, पाया गया काबू

प्रयागराज। महाकुंभ के सेक्टर 16 सेक्टर अखाड़े के पास सोमवार को सुबह आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। आग जब तक फैलती तब तक श्रद्धालुओं और दूसरे शिविर में ठहरे लोगों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। तेज हवा के चलते आग तेजी से बढ़ रही थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। एक दिन पहले भी सेक्टर 19 में गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लगने से भारी नुकसान हो गया था। इसके बाद से मेला प्रशासन ने आग को लेकर पूरे मेले में अलर्ट घोषित कर दिया है।

सांप्रदायिकता फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे : अजित पवार

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। राकांपा एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है।

जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें। इसके अलावा, अजित पवार ने माझी लड़की बहिन योजना के लिए जो महिलाएं पात्र नहीं हैं, उनसे अपील की कि वे स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए है। पवार ने कहा, जो लोग आयकर का भुगतान करते हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

अपने मकसद से भटक रहा महाकुंभ : बाबा बागेश्वर

छतरपुर

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ इन दिनों सुर्खियों में है। महाकुंभ मेला के दौरान माला विक्रेता मोनालिसा और आईआईटी बाबा अभय सिंह भी अपने-अपने कारणों से चर्चा में है। माला विक्रेता की नीली आंखों और सादगी के कारण लोग उसे मोनालिसा कहकर पुकारने लगे हैं।

मोनालिसा का वीडियो भी वायरल हो गया है। इन सब घटनाओं में कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जो बेवहज भी विवाद का रूप लेते नजर आते हैं। अब प्रयागराज के महाकुंभ की इन घटनाओं को लेकर बाबा बागेश्वर यानि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'महाकुंभ अपने मकसद से भटक गया है'। महाकुंभ में हिंदू राष्ट्र कैसे बने, इस पर विमर्श होना चाहिए।

इसके पहले बागेश्वर बाबा का एक बयान वायरल था, जिसमें वे महाकुंभ में उपद्रव करने की बात कह रहे थे। उनका कहना था कि महाकुंभ में हम भी जा रहे हैं। जा ही रहे हैं तो सोचा कुछ उपद्रव कर दें। हम सोच रहे थे कि क्यों जाएं और काहें के लिए जाएं। इस बार महाकुंभ में जो हम डुबकी लगाएंगे और कथा करेंगे, वह हिंदू जगाओ और हिंदुस्तान बचाओ के लिए होगा। इसी अभियान को चलाने के लिए हम कथा कहेंगे।



हाल ही में सोशल मीडिया पर ट्रोल होने वालीं हर्षा रिछारिया मूल रूप से झांसी जिले के मऊरानीपुर कस्बे की रहने वाली हैं। भगवा कपड़ों में अखाड़ों के साथ स्नान करने के बाद से उन्हें लेकर कुंभ नगरी में विवाद छिड़ गया था। इसके चलते उन्होंने कुंभ नगरी छोड़ने तक का मन बना लिया था। हर्षा मूल रूप से यू-ट्यूबर हैं। उनका जन्म झांसी के मऊरानीपुर में हुआ। बाद में उनका परिवार भोपाल चला गया। हर्षा अब उत्तराखंड में रहती हैं। हर्षा ने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से गुरु दीक्षा ली थी। मकर संक्रांति पर्व पर अखाड़ों के अमृत स्नान के दौरान हर्षा ने भगवा वस्त्र पहनकर गंगा में डुबकी लगाई।

महाकुंभ 2025 शुरू होने के साथ ही आईआईटी वाले बाबा काफी चर्चा में आ गए। जानकारी के मुताबिक आईआईटी वाले बाबा का असली नाम अभय सिंह है। उन्होंने आईआईटी मुंबई से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इसके बाद कनाडा में 36 लाख रुपये के पैकेज वाली नौकरी बीच में छोड़ दी। फिर धर्म और संन्यास की राह पर निकल गए। आईआईटीयन बाबा अभय सिंह का मूल निवास हरियाणा जिला झज्जर है। इनके पिता कर्ण सिंह एडवोकेट हैं।

महाकुंभ में सबसे खूबसूरत साध्वी के वायरल वीडियो तो देखे ही होंगे, उसके बाद अब एमपी की मोनालिसा खूबसूरती की वजह से सुर्खियों में है। 'ब्राउन ब्यूटी' के नाम से मशहूर इस लड़की को महाकुंभ में माला बेचते हुए देखा गया। किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद इस वीडियो पर 15 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले।

जनमन अभियान के सभी विंदुओ को सेचुरेशन स्तर पर पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है : प्रभारी कलेक्टर

स्वा रोजगार योजनाओं में गति लाकर दिए गये लक्ष्यो को प्राप्त करें : गजेन्द्र

सिंगरौली। जन मन अभियान के सभी विंदुओ को सेचुरेशन स्तर पर पहुचाना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही स्व रोजगार योजनाओं में गति लाकर दिए गये लक्ष्यो को निर्धारित समय सीमा प्राप्त कर हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाये उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया।

बैठक के दौरान पीएम जन मन अभियान की समीक्षा करते हुयें निर्देश दियें कि योजना से संबंधित विभागीय अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहटो में स्थित प्रत्येक घर में नल के माध्यम से सुद्ध पेयजल उपलंब्ध करायें तथा। जनमन अभियान के तहत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासो का निर्माण कार्य समय सीमा पूर्ण कराये साथ ही यह सुनिश्चित करे कि आयुष्मान कार्ड से कोई पात्र हितग्राही आयुष्मान योजना से वंचित न रहे। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दियें कि पीव्हीटीजी बसाहटो में स्थल चिन्हित कर सर्व सुविधायुक्त केन्द्रो एवं छात्रावास भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करे। उन्होंने रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए कि बैगा जन जाति के रोजगार एवं सास्कृतिक उत्थान के लिए विशेष रोजगार शिविर के साथ ही कैरियर काउसलिंग शिविरो का आयोजन करे। कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित जिला प्रमुख अधिकारी आगामी समय सीमा की बैठक के पूर्व अनिवार्य रूप से करें। न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करनें तथा सीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों सहित बाल संरक्षण आयोग एवं अनुसूचित जाति जन जाति एवं मानवा अधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक निराकरण दर्ज करनें के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जन कल्याण शिविरो के दौरान पात्र हितग्राहियो को चिन्हित कर उनका संबल कार्ड बनाने की कार्यवाही किया जाये। साथ ही निर्देश दिये कि सभी ग्राम पंचायतों के सचिवो एवं रोजगार सहायक से पालन प्रतिवेदन लेवे कि उनके पंचायत के प्रत्येक पात्र हितग्राही का संबल कार्ड बना दिया गया है। प्रभारी कलेक्टर ने स्वारोजगार योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुयें निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ अपने अपने विभागो से संबंधित स्वा रोजगार योजनाओं के लाभ से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करायें साथ ही आवेदन जो बैंको में लंबित है हितग्राही एवं बैको से समन्वय बनाकर योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन लोगो डब्ल्यूजीएफ के माध्यम से प्रशिक्षण मिला हुआ उनसे सम्पर्क कर एक्टीव प्रकरणो की संख्या लक्ष्य अनुरूप बढ़ाए और साथ ही यह सुनिश्चित करे कि लक्ष्य अनुसार जिन माता एवं शिशुओं को गोद लिया गया है उनको सही मात्रा में पोषण उपलंब्ध कराये ताकि वे स्वाथ्य रहे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, पीके सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, देवेन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, सीएमएचओ एनके जैन, तहसीलदार रमेश कोल, एसडीओ वन विभाग एनके त्रिपाठी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी, उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जीजा-साले की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत

सड़क पर शव रख परिजनों ने किया बवाल,घंटो लगा रहा जाम

बैढऩ-बरगवां मुख्य मार्ग तेलदह की घटना

सिंगरौली। जिले में तेज रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से आएं दिन सडक़ हादसे हो रहे है। सडक़ हादसे में असमय लोगों की मौतें भी हो रही है। आज सोमवार को जिले में एक सडक़ हादसे में जीजा-साले की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना से नाराज लोगों ने सडक़ पर शव रखकर विरोध विरोध प्रदर्शन किया। मामले में पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

दरअसल सिंगरौली के बरगवां थाना क्षेत्र के तेलदह में अंबे ट्रांसपोर्ट की बस ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बाइक सवार फुटबॉल की तरह सडक़ से दूर जा गिरा जबकि दूसरा करीब 10 मीटर तक घिसटता हुआ दूर जा पहुंचा। इस सडक़ हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मोरवा एसडीओपी के.के.पाण्डेय ने बताया कि दोनों मृतक रिश्ते में जीजा साले हैं। इस सडक़ हादसे में शिवरतन सिंह पिता लाल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी फु लवारी और कुंवर सिंह पिता लाल साहब सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी दुधमनिया की मौके पर ही मौत हो गई हैं। शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। वही बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

सडक़ पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन

बैढऩ से इंदौर जा रही अम्बे ट्रेवल की बस काऊी तेज रफ्तार से जा रही थी। अचानक बाइक सवार युवकों के आने से चालक बस की गति को नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके चलते यह सडक़ हादसा हुआ। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद वाहन चालक भागने का प्रयास किया लेकिन बरगवां पुलिस ने बस सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया है। नाराज ग्रामीण सडक़ पर शव रख कर चक्का जाम कर दिया है। वहीं मौके पर बरगवां पुलिस पहुंच लोगों को समझाइस देकर मामले को शांत कराया।

गुलरिया नाले में करंट लगने से अधेड़ की मौत

चितरंगी थाना क्षेत्र की घटना,जांच में जुटी पुलिस

सिंगरौली। चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलरिया नाले में करंट लगने से अधेड़ की मौत हो गई है। मौके पर पहुंच पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चितरंगी उप स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है। हालांकि रात होने पीएम मंगलवार को होगा। अब पुलिस हत्या के पीछे क्या वजह रही पूछताछ में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे बडकू साकेत पिता राम विशाले साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी गुलरिया की नाले में शव मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि अधेड़ मछली मारने गुलरिया नाले में गया था। जहां उसकी मौत हो गई है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी चितरंगी पुलिस को दी। मौके पर दलबल के साथ चितरंगी थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। चितरंगी थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि गुलरिया नाले में मछली मारने गए एक अधेड़ की मौत हो गई है। मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। पुलिस सूत्रों की माने तो गुलरिया नाले में मछलियां मरने के लिए लोगों ने करंट बिछा रखा था। संभवत अधेड़ भी मछली मारने के लिए पहुंचा होंगा। संभावना है कि मृतक को यह नहीं पता रहा होगा की नदी में पहले से ही मछलियां मारने के लिए करंट बिछाया गया है और वह नदी में उतर गया,जिससे उसकी मौत हो गई।

हमारी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित: विश्वामित्र

पतुलखी एवं खुटेली में सायकल वितरण कार्यक्रम संपन्न

सिंगरौली। प्रदेश सरकार विद्यालयों में विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले एवं विद्यालयों में पठन पाठन, विद्यार्थियों को घर से विद्यालय आने जाने एवं बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं कर रही है। हमारी सरकार शिक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने शा. कन्या उच्चमावि पतुलखी एवं पीएम श्री विद्यालय खुटेली में आयोजित निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। विद्यालय के प्राचार्यों द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की कक्षावार जानकारी एवं सायकल वितरण की जानकारी दी गई तथा विद्यालय में आवश्यक कार्यों मांगो से अवगत कराया। क्षेत्रीय विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी विद्यालयों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक सायकल से लेकर आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को सावधानी से सायकल चलाने की एवं अच्छे से पठन पाठन करने की सलाह दी।

220 ग्राम गांजा के साथ कारोबारी धराया

सिंगरौली। सासन चौकी पुलिस ने 220 ग्राम गांजा के साथ कारोबारी को पकड़ा है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में सासन चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा ने की है। चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम ग्राम सिद्धीखुर्द रिलायंस बाउन्ड्री के पास से एक व्यक्ति को गाँजे की बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोप है कि वह गाँजे की पुडिय़ा बनाकर क्षेत्र में बिक्री किया करता था। पुलिस ने सिद्धीखुर्द निवासी आरोपी संतोष प्रसाद चौधरी के कब्जे 220 ग्राम गांजा जब्त करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाही किया है।

सीएचसी देवसर मे स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल, खाट पर मरीज

खाट पर मरीज को लेकर निजी क्लीनिक में जा रहे परिजनों ने कहा सरकारी अस्पताल मे नही होता ढंग का इलाज

देवसर चंदैनिया के आदिवासी समाज का बताया जा रहा मरीज

सिंगरौली। सिंगरौली जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलने वाला एक वीडियो सामने आ रहा है सोमवार को जिले के देवसर मुख्यालय स्थित एक आदिवासी समाज का अत्यंत गरीब मरीज को खाट पर लेटा कर परिजन किसी निजी क्लीनिक में उपचार कराने जा रहे थे यह मरीज देवसर क्षेत्र के इटार पंचायत स्थित चंदनिया गांव का बताया जा रहा है परिजनों के अनुसार मरीज का नाम सोनू पिता राज लाखन कोल बताया गया जिसे तबीयत बिगड़ने पर खाट पर लेटा कर उपचार कराने ले जा रहे थे फिलहाल यह वीडियो सामने आने के बाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी तरह से पोल खुल रही है अभी तक आरोप लग रहे थे कि सरकारी अस्पताल के चिकित्सक अपने निजी प्रैक्टिस में अधिक ध्यान देते हैं साथ ही एंबुलेंस सहित अस्पताल का अन्य संसाधन मरीजों तक नहीं पहुंच पाता इन सभी आरोपों की संबंधित वीडियो पुष्टि कर रहा है

फिर कहां चल रहे एंबुलेंस वाहन

जिस तरह से मरीज खाट पर हैं और इधर सरकार के खजाने से एंबुलेंस के नाम पर स्वास्थ्य विभाग में पर्याप्त बजट खर्च हो रहा है ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि फिर एंबुलेंस आखिर कहाँ चल रहे हैं इससे तो यही प्रतीत होता है कि एंबुलेंस संचालन के नाम पर सिर्फ औपचारिक खाना पूर्ति की जा रही है

सरकारी अस्पताल पर भरोसा नहीं

सोमवार को जिस मरीज को खाट पर ले जा रहे थे उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया बल्कि किसी निजी क्लीनिक में दवा कराने परिजन ले जा रहे थे ऐसी स्थिति में सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर के प्रति मरीजों का भरोसा क्यों उठ गया है क्योंकि सरकार तो मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की है साथ ही महंगी महंगी दवाइयां अस्पतालों में भेजी जा रही है जांच की मशीन और टेक्नीशियन दोनों की पर्याप्त व्यवस्था है और योग्य चिकित्सक भी पदस्थ हैं ऐसे में मरीज सरकारी अस्पताल में दवा क्यों नहीं कराना चाहते यह अपने आप में विचारणीय यह पहलू है

इनका कहना है

संबंधित मरीज को किस निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है इसका पता लगवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में भर्ती कराया जाएगा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएगी

डॉक्टर सी एल सिंह
बीएमओ सीएससी देवसर

कांग्रेस कार्यकर्ता 27 जनवरी को पहुंचेंगे महू

प्रेसवार्ता आयोजित कर दी जानकारी

सिंगरौली। देश भर में भाजपा सरकार और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और महापुरूषों पर लगातार हमला किया जा रहा है। सिंगरौली के कांग्रेस प्रभारी कविता पांडे,सह प्रभारी प्रदीप सिंह बघेल द्वारा जिले में 18 एवं 19 जनवरी को सभी क्षेत्रों का दौरा कर 27 जनवरी को महू में आयोजित संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होने को कार्यकर्ताओं का आह्वान किया तथा 19 जनवरी को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण महामंत्री मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया है कि सिंगरौली कांग्रेस पार्टी की प्रभारी एवं सह प्रभारी का दो दिवसीय दौरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर अरविंद सिंह चंदेल के साथ संपन्न हुआ । सिंगरौली प्रभारी व सह प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म स्थली महू जिला इंदौर में आयोजित संविधान बचाओ रैली जिसको कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित देश एवं प्रदेश के बड़े नेता संबोधित करेंगे। उक्त रैली में सभी को महू पहुंचने का आह्वान किया। सिंगरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर अरविंद सिंह चंदेल द्वारा जिले से 200 से अधिक कार्यकर्ताओं के निजी वाहन तथा रेल मार्ग से महू पहुंचने का अनुमान बताया गया है।

एनटीपीसी सिंगरौली एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

सिंगरौली। एनटीपीसी सिंगरौली के ऐश उपयोगिता समूह एवं सुरक्षा विभाग द्वारा बीते 18 जनवरी को स्थानीय ऐश डाइक खडिय़ा बाजार पर सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु सुरक्षित व्यवहार, वाहन फिटनेस की महत्ता और कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्र में कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। अभियान में सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं का प्रदर्शन, सुरक्षा पुस्तिकाओं का वितरण और सडक़ खतरा प्रबंधन पर इंटरैक्टिव सत्र शामिल किए गए। प्रतिभागियों को स्पीड लिमिट, सुरक्षा गियर पहनने की महत्ता और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। तत्पश्चात् एक सडक़ सुरक्षा जागरूकता क्विज भी आयोजित किया गया, जिसमें जागरूक ड्राइवरों और पर्यवेक्षकों को सम्मान स्वरूप टोकन गिफ्ट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक सुरक्षित कार्य परिवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस अभियान में एनटीपीसी सिंगरौली के एडीएम विभाग के संजीव कुमार उप महाप्रबंधक,रंजीत कुमार केसरी सीनियर मैनेजर, दिवाकर कुमार सीनियर असिस्टेंट इंजीनियर एवं बिकाश पी जनार्दन, असिस्टेंट ऑफिसर सुरक्षा द्वारा ड्राइवरों एवं तमाम आगंतुकों को सडक़ सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

मन की बात कार्यक्रम में सिंगरौली पहली बार उत्कृष्ट जिलों में शामिल

सिंगरौली। रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन में भाजपा सिंगरौली प्रदेश के उत्कृष्ट जिलों में स्थान बनाने में सफल रहा है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व एवं जिलामंत्री पूनम गुप्ता के प्रभार में ये कार्यक्रम पूरे जिले में आयोजित किया गया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर इस कार्यक्रम का आयोजन होना था। वरिष्ठ नेताओं की श्रेणी में प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह बूथ क्रमांक 20, विधायक रामनिवास शाह बूथ क्रमांक 130, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम बूथ क्रमांक 158, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल बूथ क्रमांक 23, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी बूथ क्रमांक 189, जिलामंत्री विनोद चौबे बूथ क्रमांक 112 पर रहकर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

नौ वर्ष से फरार स्थायी वारंटी व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली। नौडिहवा चौकी पुलिस ने नौ वर्ष से फरार स्थायी वारंटी सहित मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में नौडिहवा चौकी प्रभारी उदयचंद करिहार ने की है।

चौकी प्रभारी ने बताया कि फरियादी आकाश सिंह निवासी क्योंटली ने आरोपी संजू उर्फ रामकुमार सिंह के विरुद्ध शराब पीने के लिए पैसे मांगने की बात पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिस पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि आरोपी के विरूद्ध थाना गढ़वा में पूर्व में भी मारपीट संबंधित 4 अपराध पंजीबद्ध है। वहीं आरोपी सुरेश केवट पिता मथुरा केवट निवासी तमई के विरुद्ध वर्ष 2015 में मारपीट संबंधित अपराध कायम किया गया था जो आरोपी वर्ष 2015 से लगातार फरार चल रहा है। जिसे गिरफ्तार करने के लिए न्यायालय द्वारा थाई वारंट जारी किया गया था। जहां पुलिस ने आरोपी सुरेश केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय से जेल भेज दिया गया। कारवाही में उनि उदय चन्द्र करिहार चौकी प्रभारी नौडीहवा, सउनि रमेश प्रसाद साकेत, प्रआर फूल सिंह, धारेन्द्र पटेल,आर.राजेश मिश्रा व राजा की भूमिका रही।

रेलवे के चिन्हित मुद्दों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें : कलेक्टर

सीधी। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेलवे लाइन के भू-अर्जन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेलवे लाइन के भू-अर्जन के कार्यों को प्राथमिकता दें। उप मुख्यमंत्री महोदय के समीक्षा बैठक में चिन्हित मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए निराकृत करायें तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही से अवगत करायें। कलेक्टर ने रेलवे के अधिकारियों से निरंतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रगतिरत कार्यों की सूची संबंधित उपखण्ड अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) खण्ड स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें शत-प्रतिशत लाभान्वित करें। इस अभियान के बाद कोई भी पात्र हितग्राही योजना के हितलाभ से वंचित नहीं रहे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों की सूची तैयार करने तथा उसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक माह समाधान दिवस का आयोजन करने तथा शिकायकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझने तथा संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। लोक शिक्षण विभाग में निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित एल 1अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।

कलेक्टर द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सजगता से करें। इसके लिए राज्य शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की सूची 23 जनवरी के पूर्व उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित हुआ शिक्षकों का प्रशिक्षण

बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और मेरिट में ज्यादा विद्यार्थी का लक्ष्य

सीधी। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवं अर्धवार्षिक परीक्षा में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मेरिट में लाने के उद्देश्य से रविवार को प्रशिक्षण दिया गया। विषय विशेषज्ञों ने लक्ष्य प्राप्त करने के टिप्स एवं ट्रिक्स भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी डा पी एल मिश्रा के निर्देशानुसार सभी शिक्षकों का उन्मुखीकरण करते हुए लक्ष्य के प्रति सजग किया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एस एन त्रिपाठी एवं एडीपीसी प्रवीण शुक्ला ने टाइम मैनेजमेंट का पाठ पढ़ाया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के 700 शिक्षकों का प्रशिक्षण 19 जनवरी को जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण देने हेतु 50 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गए।

हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय मे 23 प्रश्न जबकि अंग्रेजी में 16 प्रश्न होंगे, बोर्ड की बेबसाईट में सेम्पल पेपर अपलोड है। एपीसी ने यह भी बताया कि अंग्रेजी विषय का परीक्षा का पैटर्न अन्य विषय की तुलना में अलग है। अंग्रेजी को छोड़ शेष 5 विषयों में कुल 23 प्रश्न विद्यार्थियों को हल करने होंगे जिसमें बहुविकल्पीय 6 अंक (प्रश्न भी 6 रहेंगे) रिक्त स्थान 6 अंक, सही अथवा गलत 6 अंक, जोड़ी बनाना 6 अंक, एक शब्द वाले 6 अंक, दो अंक के 12 प्रश्न, तीन अंक के 3 प्रश्न, और 4 अंक के 3 प्रश्न कुल 75 अंकों की परीक्षा होगी।

प्रशिक्षण में उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह चौहान, खुटेली के पुष्पराज सिंह, बालेंदु द्विवेदी, संजय सोनी, अनिल कुशवाहा, जय प्रकाश, अजय मिश्र, सूरज वर्मा, दिनकर तिवारी, सुरेश पांडे का सहयोग प्राप्त हुआ।

कंपनी के नियम, शर्तों को अच्छी तरह समझ कर व पढ़कर ही कंपनी में अपनी अभिरूचि दर्ज करायें

सीधी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अति. मिशन संचालक जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि एजिल सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा जिले में रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 07 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक किया गया था। उक्त रोजगार मेले में चयन कंपनी द्वारा जारी विज्ञापन में चयन मापदण्ड, वेतन, प्रदाय सुविधाओं अथवा ड्रेस एवं किट हेतु लगने वाले राशि का स्पष्ट विवरण दिया गया था। कंपनी द्वारा उपरोक्त दिवसवार निर्धारित कैम्पों में भी प्रत्येक अभ्यर्थी को इस संबंध में चयन के पूर्व मौखिक रूप से अवगत कराया गया था।

जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से बेरोगार युवक/युवतियों को पात्रता अनुसार विभिन्न कंपनियों/संस्थाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जाता है, जहाँ जिला प्रशासन का कार्य सहजकर्ता का होकर एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है जहाँ नियोक्ता एवं अभ्यर्थी एक स्थान पर उपस्थित होकर आपसी सहमति से एक दूसरे का चयन कर सके।

प्रत्येक अवसर पर प्रशासन द्वारा इच्छुक बेरोजगार युवकों को सलाह दी जाती है कि कंपनी के नियम/शर्तों को अच्छी तरह समझ कर व पढ़कर ही कंपनी में अपनी अभिरूचि दर्ज करायें।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रैली निकाली गई

सीधी

नेहरू युवा केन्द्र सीधी के (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा पुलिस चैकी सेमरिया वि.खण्ड सीधी में सड़क सुरक्षा सप्ताह आज दिनांक 20 जनवरी को कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण उपरान्त रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरास्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तर सिंह कुशवाहा उपनिरीक्षक पुलिस चैकी सेमरिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मनमोहन सिंह जी रहे। कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन सिंह ए.पी.एस. नेहरू युवा केन्द्र सीधी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के बारे में युवाओं को रोड सेप्टी विषय पर प्रशिक्षण को जीवन दान बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतर सिंह कुशवाहा उपनिरीक्षक पुलिस चैकी सेमरिया द्वारा युवाओं को रोड पर चलने टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों के नियम बताए और वाहन चालको के लिए निर्देश भी बताए जैसे वाहन में मूल कागजात एवं ड्राइविंग लायसेंस हमेशा साथ में रखें। वाहन में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखवायें वाहन का बीमा समय पर करवायें एवं सड़क पर वाहन न खड़ा करें। हमेशा बायीं दिशा में चलें एवं नशे की हालत में वाहन न चलायें। दायें एवं बायें मुड़ते समय सिग्नल का उपयोंग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीटवेल्ट का उपयोग अवश्य करें आदि नियमों के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रावेन्द्र कुमार प्रजापति अध्यक्ष विवेकानन्द युवा मंडल हस्तिनापुर द्वारा किया गया।

स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 21 जनवरी को

सीधी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले के साथ स्वरोजगार योजनाओं को समन्वित कर संयुक्त रूप से रोजगार मेला एवं स्वरोजगार मेला के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए है। सीधी जिले में प्रत्येक माह के तृतीय मंगलवार को रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाना निर्धारित है। माह जनवरी में उपरोक्त आयोजन दिनांक 21.01.2025 को शासकीय आई.टी.आई मड़रिया सीधी के परिसर में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उन्होने स्वरोजगार योजनाओं का संचालन करने वाले समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि मेले में अपनी विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।

गेंहू उपार्जन के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा रहेगी

सीधी। रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन के संबंध में राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसान पंजीयन की समयावधि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन हेतु शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में निर्देशानुसार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं समस्त जिला समन्वयक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालक को निर्देशित किया है कि आपके निर्देशन में संचालित उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगायें जायें। बैनर न्यूनतम 5गुणा3 साईज का हो तथा यह बैनर स्वयं प्रतिष्ठान द्वारा अपने व्यय पर लगाया जाए तथा डीएसओ लॉगइन हेतु आवेदन प्रेषण करने के पूर्व प्रत्येक एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र प्रबंधकों द्वारा एमपी ई उपार्जन पोर्टल पर पूर्ण रूप से सही स्पष्ट भरी जाए तथा संलग्न किये जा रहे शपथ पत्र कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करने के निर्देश देवे। यह ध्यान देंगे कि किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड अनिवार्य रूप से रखा जाएगा इसलिए प्रत्येक किसान से आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट प्राप्त करने के निर्देश अधीनस्थ एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) लोकसेवा केन्द्र साइबर कैफे के प्रबंधकों को देवे तथा साथ ही यह भी निर्देश देवे कि सिकमी/ बटाईदार/ कोटवार एवं वनपट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा तथा उक्त श्रेणी का पंजीयन साइबर कैफे पर बिलकुल भी न कराया जाये। उन्होने कृषकों के पंजीयन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालकों से अधिक से अधिक मात्रा में एवं न्यूनतम पंजीयन शुल्क के प्रस्ताव सहित पंजीयन केन्द्र स्थापना हेतु आवेदन प्राप्त कर स्थापित किए जाने हेतु अनुशंसा सहित केन्द्रों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके। तहसील कुसमी में सेवा सहकारी संस्था टमसार, आदिम जाति सेवा सहाकरी संस्था लुरघुटी, सेवा सहकारी संस्था भुईमाड, गोपद बनास अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सीधी खुर्द, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल माटा, सेवा सहकारी संस्था सेमरिया, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह एवं सेवा सहकारी संस्था गांधीग्राम, चुरहट अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सांडा, सेवा सहकारी संस्था सांडा बडाटीकट, सेवा सहकारी संस्था बेल्दह एवं सेवा सहकारी संस्था बेल्दह चुरहट, बहरी अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था चंदवाही, सेवा सहकारी संस्था चंदवाही बघोर, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला सपही, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, सिहावल अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था बमुरी, सेवा सहकारी संस्था बमुरी बिठौली, सेवा सहकारी संस्था पतुलखी, एवं सेवा सहकारी संस्था अमिरती, रामपुर नैकिन अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन, सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन कुडिया, सेवा सहकारी संस्था कंधवार, सेवा सहकारी संस्था कंधवार बडखरा, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड खड्डी, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह धनहा तथा मझौली अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था ताला, सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था मडवास, सेवा सहकारी संस्था मड़वास गिजवार एवं सेवा सहकारी संस्था टिकरी में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

हार के बाद खिलाड़ियों को जीत को लेकर लेनी चाहिए सीख : ज्ञान

सीधी। हर वर्ष की बात इस वर्ष भी प्रीमियर लीग का भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हो चुकी है, जिसका शुभारंभ आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान द्वारा मोहिनी देवी स्टेडियम में किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष द्वारा दोनों टीमों के खिलाडियों से मुलाकात कर मैच का शुभारंभ कराया। स्वागत मैच में जिला अध्यक्ष ने अपनी भाषण में कहा कि खेल जीवन का प्रमुख अंग है और क्रिकेट पूरे विश्व का सबसे प्रचलित खेल है। इसलिए यह खेल खिलाडियों में आपसी भाईचारा बनाने का एक प्रमुख माध्यम भी है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक यह टूर्नामेंट हो सभी खिलाडियों में आपसी सामंजस्य बना रहे, साथ ही पूरे टूर्नामेंट के दौरान निर्णायक मंडल द्वारा किए गए निर्णय को सभी लोग स्वीकार करें, जिससे इस टूर्नामेंट की रोचकता बनी रहे। उन्होंने सभी खिलाडियों का धन्यवाद ज्ञाप किया उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों का बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने स्वागत मैच में मुझे बुलाया। ज्ञात हो की इस टूर्नामेंट के आयोजक के रूप में मुख्य रूप से सुखनंदन सोनी, संजय सिंह संजू, कमलेश्वर सिंह, अनूप पाण्डेय, मोनू खान, प्रसून जायसवाल उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा विधायक सीधी एवं प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देगा

सीधी। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला शाखा सीधी के अध्यक्ष चित्र सेन गौतम के द्वारा बताया गया की प्रांतीय निकाय के द्वारा निर्धारित चार चरणों में आंदोलन में से द्वितीय चरण का आंदोलन दिनांक 24 जनवरी 2025 को माननीय विधायक श्रीमती रीति पाठक को समय 9:30 सुबह 51 बिंदु ऑन का ज्ञापन सोपा जाएगा एवं प्रभारी मंत्री मध्य प्रदेश शासन को दिनांक 26 जनवरी 2025 के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव को ज्ञापन सोपा जाएगा संगठन के संरक्षक श्री राकेश जायसवाल के द्वारा बताया गया कि माननीय प्रभारी मंत्री दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि रहेंगे इस दिनांक को माननीय प्रभारी मंत्री के माध्यम से 51 सूत्रीय ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय को ज्ञापन सोपा जाएगा ज्ञापन देने में शामिल होने वाले पदाधिकारी श्रीमती वर्षा गौतम महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय सिंह मंटू संरक्षक निलेश शर्मा नंदकुमार मिश्रा रामसखा गौतम ममता रानी राय अरुण बहेलिया अखिलेश्वर पांडे श्रीमती शांति बंसल श्याम सुंदर शर्मा संजीव तिवारी चंद्रशेखर शुक्ला न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश मिश्रा अरुण सिंह सिंह मुन्नालाल वर्मा रवि शंकर पांडे संतोष पांडे राजकुमार शर्मा महेंद्र सिंह श्रीमती अंजलि तिवारी श्रीमती अली अम्मा दी श्रीमती अनीता खरे आकांक्षा सेन रामबली सिंह बलिराम कॉल कौशललेस श्रीमती आशा गुप्ता राम कुमार पनिका श्रीमती सुरभि त्रिवेदी श्रीमती अरुणा शुक्ला श्रीमती शारदा शुक्ला रामनरेश गुप्ता प्रदीप सिंह प्रेमलाल मिश्रा शास्त्री जी अभय शंकर मिश्रा प्रभात शंकर मिश्रा कृष्ण देव तिवारी अवध चरण पांडे राजेश पांडे ए कृष्णागिरी आशुतोष शुक्ला अखिलेश गौतम महीपत प्रजापति विष्णु घर द्विवेदी भगवान दास कॉल इंद्रसेन त्रिपाठी पवन सिंह श्रीमती प्रतिभा भार्गव शंभू नाथ त्रिपाठी सुभाष पटेल अनिल मिश्रा पंचराज सिंह अरुणेंद्र मिश्रा अखिलेश त्रिपाठी प्रसन्न तिवारी कमल मिश्रा ओमप्रकाश गौतम समय लाल गुप्ता एसके सिंह आदि हैं।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सीधी (म.प्र.)

Email -lokseva-sidhi@mp.gov.in , Phone No -07822-297029

क्रमांक/ 630 /लो.से.प्र./नि.लो.से.के./2025 सीधी, दिनांक 15 जनवरी 2025

// विज्ञापि //

सीधी जिले में संचालित लोक सेवा केन्द्र रामपुर नैकिन तथा 01 नवीन लोक सेवा केन्द्र मड़वास के संचालन के लिए पी.पी.पी. मॉडल के तहत प्राईवेट ऑपरेटरों के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं लोक सेवा केन्द्रों की सूची mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्यवाही	तिथि
01	टेंडर (निविदा) का प्रकाशन एवं डाउनलोड़ करना	15.01.2025
02	निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि	04.02.2025
03	प्री-विड कान्फ्रेंस	20.01.2025 समय 03.00 बजे दोपहर

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर लोक सेवा प्रबंधन शाखा सीधी के कक्ष क्रमांक 36 भू-तल में संपर्क किया जा सकता है।

(अंशुमन राज)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, जिला-सीधी (म.प्र.)

जी-21948/24

खण्ड - 1

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय वन मण्डल सीधी, मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 244 /ई-टेंडरिंग/2024-25 दिनांक 16.01.2025

1. वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल सीधी द्वारा म0प्र0 भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सामग्री का विवरण	सत्यांकर निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	भवन निर्माण सामग्री	100000/-	1000/-

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16-1-2025 समय 01.00 पीएम बजे से दिनांक 30-01-2025 को समय 01.00 पीएम. तक केवल आनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योमेंन्ट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 28-01-2025 समय दोपहर 12.00 बजे से 1.00 तक वन मण्डल कार्यालय में आयोजित की जावेगी, जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं सामग्री के नमूना के साथ उपस्थित रहेगें। प्राप्त सामग्री नमूना का परीक्षण मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराया जावेगा और परीक्षण शुल्क निविदाकार द्वारा वहन किया जावेगा। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही निविदाकार भाग लेने के हकदार होगे जिन्होने ई-टेंडर फार्म खरीदें है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नही।
- ई-प्रोक्योर्मेन्ट पोर्टल - https://mptenders.gov.in

जी-21908/24

वन मण्डल अधिकारी
सीधी (म.प्र.)

संपादकीय

चुनावी प्रचार में एआई का खेल

पिछले दिनों चुनाव प्रचारों के दौरान कई पार्टियों और नेताओं ने एआइ और 'डीपफेक' का सहारा लेकर या तो अपनी काल्पनिक छवि तैयार करके लोगों के सामने पेश की या अपने विपक्षी नेताओं के ऐसे वीडियो तैयार किए, जिससे लोगों के बीच गलत धारणा बन सकती है। इसके बाद वे उस आधार पर किसी को वोट देने या न देने का फैसला कर सकते हैं। इस तरह के वीडियो या चित्र तकनीकी कारीगरी से तैयार किए गए होते हैं।अगर किन्हीं स्थितियों में इससे संबंधित विवाद उभरते हैं तो इसकी जवाबदेही लेने को भी कोई तैयार नहीं होता। जबकि आम लोगों पर इसके असर का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यही वजह है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अगर कोई राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार एआइ के जरिए किसी तस्वीर, वीडियो या अन्य सामग्री का उपयोग करे तो उसके स्रोत की जानकारी जरूर दे। प्रचार के लिए अगर एआइ निर्मित सामग्री का उपयोग हो, तो उसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।लोकतंत्र में भ्रम फैलने के मद्देनजर आयोग की यह सलाह एक जरूरी कदम है, लेकिन यह काम केवल पार्टियों के भरोसे छोड़ने के बजाय खुद आयोग को भी इस पर कड़ी नजर रखनी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल, एआइ यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे कई क्षेत्रों में कामकाज आसान हो रहा है, मगर इसका दुरुपयोग भी कई स्तरों पर होने लगा है।हाल के दिनों में 'डीपफेक' के जरिए कई ऐसे वीडियो बना कर जारी कर दिए गए, जिनमें किसी व्यक्ति का चेहरा इस्तेमाल करके उसकी आपत्तिजनक छवि परोसी गई। चूंकि आम लोगों के भीतर अभी इस तकनीक के उपयोग और इसके प्रभाव को लेकर पर्याप्त स्तर पर परिपक्व समझ नहीं बनी है, इसलिए कई बार इसके जरिए गलत धारणा का प्रसार होता है। विडंबना है कि इस माध्यम का उपयोग केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनमत निर्माण के लिए भी किया जाने लगा है। एआइ का सहारा लेकर ऐसे वीडियो बनाए जाते हैं, जिसका कोई आधार नहीं होता या जिनमें सच्चाई नहीं होती, मगर वे सच होने का भ्रम पैदा करते हैं।

क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

(रमेश सर्राफ धमोरा)

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था।

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।

आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले

थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी।

इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी।

2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस का भी सुपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी।

पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखे तो दिल्ली में करीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे होते हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थन नहीं है। वह हवा का रूख देख कर मतदान करते हैं। आप को स्विंग वाटरों की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है। लोकसभा चुनाव में तो राष्ट्रीय मुद्दों के चलते स्विंग वोटर भाजपा की तरफ झुक जाता है। मगर विधानसभा चुनाव में उसका मूड बदल जाता है। जिसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिलता है।

पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। जेल जाने के चलते अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उनके स्थान पर अतिशी मार्लेना को 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उसके बाद से आम आदमी पार्टी में बड़ी उठा पटक मची हुई है। इसी के चलते पार्टी ने बड़ी संख्या में पुराने विधायकों की टिकट काटी है। दूसरे दलों से आने वाले दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट दिया गया है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने तो इंडिया गठबंधन की नींव तक हिला डाली है। जहां गठबंधन में शामिल कांग्रेस व आप आमने-सामने चुनाव लड़ रहे है। वहीं तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) ने आप को समर्थन देने की घोषणा कर कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया है। आप के लिए लगातार चौथी बार जीत का चौका लगाने का सुनहरा मौका है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अपनी सरकार बना कर डबल इंजन की सरकार का नारा सार्थक करना चाहती है। कांग्रेस का भी प्रयास है कि कुछ सीट जीत कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल किया जाए। बहरहाल सभी दलों के लिए इस बार का चुनाव बड़ा ही रोमांचक व कड़ी टक्कर वाला होने जा रहा है। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसे दिल्ली की जनता चाहेगी।(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, यह उनके अपने विचार हैं)

षडयंत्र के आगे असहाय हुआ इजरायल

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

चीन की सरकारी स्वामित्व वाली चाइना नार्थ इंडस्ट्रीज कारपोरेशन और चाइना एयरोस्पेस साइंस एण्ड टेक्नोलाजी कारपोरेशन प्रमुखता से शस्त्रों की बिक्री बढाने में जुटी हैं। विश्व का पांचवा सबसे बडा हथियार निर्यातक देश जर्मनी है जहां की राइनमेटाल, एयरबस और कास-माफी वेगमैन प्रमुख शस्त्र निर्माता कम्पनियां हैं। इटली की लियोनार्डो, फिनकैंटिएरी और ओटो मेलारा जैसी कम्पनियां जमकर हथियार तैयार कर रहीं हैं।

आतंकी संगठन 'हमास' के साथ इजराइल का समझौता हो चुका है। अमेरिका जैसे हथियारों के सौदागरों की चालें कामयाब हो गई हैं। आतंकियों को हथियारों की अवैध सप्लाई करके बेतहाशा पैसे कमाने वाले देशो में केवल अमेरिका की भागीदारी 40 प्रतिशत है। इस देश की लाकहीड मार्टिन, बोइंग और रेथियान कम्पनियां प्रमुख है जो वैध-अवैध ढंग से दुनिया भर में हथियारों की बिक्री कर रहीं है। रूस की रोसोबो रोनेक्स पोर्ट, अल्माज-एंटी और यूनाइटेड शिपबिल्डिंग शस्त्र निर्माता कम्पनियों की बिक्री में विगत 5 वर्षों में कमी आई है जबकि फ्रांस की डसाल्ट एविएशन, एयरबस और थेल्स कम्पनियां हथियारों की सप्लाई चेन बढाने में जुटी हैं। इन्होंने अपनी उत्पादन क्षमता में 44 प्रतिशत तक इजाफा कर लिया है। चीन की सरकारी स्वामित्व वाली चाइना नार्थ इंडस्ट्रीज कारपोरेशन और चाइना एयरोस्पेस साइंस एण्ड टेक्नोलाजी कारपोरेशन प्रमुखता से शस्त्रों की बिक्री बढाने में जुटी हैं। विश्व का पांचवा सबसे बडा हथियार निर्यातक देश जर्मनी है जहां की राइनमेटाल, एयरबस और कास-माफी वेगमैन प्रमुख शस्त्र निर्माता कम्पनियां हैं। इटली की लियोनार्डो, फिनकैंटिएरी और ओटो मेलारा जैसी कम्पनियां जमकर हथियार तैयार कर रहीं हैं। इन्होंने 45 प्रतिशत तक शस्त्र निर्माण में बढोत्तरी की है। यूनाइटेड किंगडम की बीएई सिस्टम्स, रोल्स-रायल तथा एमबीडीए जैसी कम्पनियां संसार भर में हथियारों के जखीरे बेच रहीं हैं। स्पेन की नवांतिया, इंद्रा सिस्तेमास और सांता बारबरा सिस्तेमास फर्म निरंतर अपने हथियारों के उत्पादन में बढोत्तरी कर रहीं हैं। दक्षिण कोरिया की कोरिया एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज, हुड्डई रोटेम और हानवा डिफेन्स कम्पनियों ने विगत एक दशक में अपनी क्षमता में 74 प्रतिशत की वृध्दि की है। यूं तो इजरायल भी एक शस्त्र निर्यात देश है परन्तु उसे चारों ओर से आतंकी संगठनों ने घेर रखा है। विगत 15 महीनों में इजरायल को ईरान, लेबनान, सीरिया, ईराक और यमन की कट्टरपंथियों की सरकारों से संरक्षित आतंकी संगठनों ने 'हमास' के पक्ष में निशाना बनाया है। अतीत गवाह है कि 7 अक्टूबर 2023 को आतंकी संगठन 'हमास' ने दक्षिणी इजरायल पर हमला करके 1200 बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतार दिया तथा 252 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले आया। तब से निरंतर हमास-इजरायल के मध्य युध्द जारी रहा। जान जोखिम में डालकर भी वहां के निवासियों ने 'हमास' के आतंकियों, उनके ठिकानों तथा उनकी उपस्थिति को सुरक्षा कवच दिया। कट्टरता के रंग में रंगे गाजावासियों ने जान की कीमत पर भी आतंकियों की हिफाजत की। इसी मध्य अमेरिका ने अपनी दोगली चालों से हथियारों के जखीरों का जमकर व्यापार किया। कट्टरपंथियों को आतंकवादी बनाकर दुनिया को गुलाम बनाने के मंसूबे पालने वाले देशों ने इजरायल पर राजनैतिक, कूटनैतिक और मानवता की दुहाई वाला षडयंत्र किया और हथियारों के सौदागरों की जुबान पर अपने शब्द रख दिये। संयुक्त राष्ट्र संघ की घातक भूमिका ने भी इजरायल को ही दोषी माना और उस पर नकेल कसने की कोशिशें कीं। समझौते के संदर्भ में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी के अनुसार इजराइल अपनी जेलों में बंद 735 कैदियों को आजाद करेगा। इजरायल के अनुसार यह सभी कैदी खतरनाक आतंकी हैं जिन्हें गिरफ्तार किया गया था। इन कैदियों में अल अक्सा ब्रिगेड का पूर्व कमान्डर जकारिया जुबेइदी, महमूद अताल्लाह जैसे खूंखार कट्टरपंथी भी शामिल है। 'हमास' के कट्टरपंथियों ने 2 साल के बच्चे के बदले में 30 आतंकी और एक मां सहित उसके बच्चों के बदले में 100 आतंकी छोडने का दबाव बनाया है। मानवता की दुहाई पर 'हमास' का साथ देने वाले राष्ट्रों को निरीह, लाचार और प्रताडना झेलने वालों बंधकों की चिन्ता नहीं है। उन्हें केवल और केवल 'हमास' के पुनर्जीवन की फिक्र है। मदरसों, अस्पतालों, अनाथालयों, संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यालयों, विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यालयों जैसे संवेदनशील स्थलों के नीचे आतंकियों के अड्डों, सुरंगों के जाल और विस्फोटकों के गोदामों की श्रंखला बनाने में मदद करने वाले अपने सामने ही अपने व्दारा पोषित संगठन को नस्तनाबूत होते नहीं देख सके और दुनिया भर में मानवता के नाम और बंधकों की जान को हथियार बनाकर इजरायल को हाथ उठाने के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिका की विश्वासघाती नीतियों, शोषण के सिध्दान्तों और दोगली जुबानी का लम्बा इतिहास रहा है। उसने हमेशा ही मित्र बनकर शत्रु की भूमिका का निर्वहन किया है। यही हाल चीन का भी रहा है। उसकी विस्तारवादी इच्छायें अनन्त की सीमाओं तक बढ चुकीं है। ऐसे में 'हमास' के साथ इजरायल का समझौता, विश्व के लिए नये युध्द का शंखनाद करता दिख रहा है। हथियारों की दम पर गजवा-ए-दुनिया का ख्वाब देखने वाले कट्टरपंथियों की निरंतर बढ रही जमातें अब आने वाले समय में अपने खूंखार कृत्यों से मानवता को कुचलने के लिए और अधिक जोश के साथ सामने आयेंगीं। कट्टता के षडयंत्र के आगे असहाय हुआ इजरायल अब अपने ही घर में कलह का शिकार हो रहा है। वहां के नागरिकों का एक बडा वर्ग इस समझौते के विरोध में आवाजें उठा रहा। इस पूरे परिदृश्य से दुनिया के गैर मुस्लिम देशों को अभी से अपने सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करना होगा ताकि आतंक को इजरायल पर मिली विजय से उनके निकल चुके पंख अब उनकी ओर उडान न भर सकें। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

वर्ग पहेली 5619

1	2	3	4	■	5	6	7
8				9	■	10	
11		■	12			■	
	■	■	■		■	■	
13	14	15	16		17	18	■
				■	20		
	■	21		22	■		■
23			■	24			■

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आहत करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, हृदय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, विदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

संकेत: ऊपर से नीचे
1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

वर्ग पहेली 5618 का हल

रा	ही	मा	सू	म	र	आ	■
ह	रा	र	त	■	वा	त	त्र
त	■	को	■	गौ	न	■	क
ई	खा	नी	■	■	गी	द	ड़
दौ	र	■	आ	त्मा	प	■	ना
री	ना	स	य	■	त्र	य	■
■	व	का	■	जों	■	की	ना
■	■	■	आ	व	म	न	■

काम के बोझ का मारा

(अक्षय शुक्ला)

रोशन लाल दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास समोसे और चाय की ठेली लगाते हैं। सुबह 6 बजे चाय चढ़ाते ही ग्राहक जुटने शुरू हो जाते हैं तो पूरे दिन सांस लेने की फुर्सत नहीं होती। दोपहर में थोड़ी देर का ब्रेक लेते हैं और अपने कमरे में जाकर फिर से आलू उबलने के लिए गैस पर चढ़ा देते हैं। समोसे का मसाला तैयार कर, चाय के सामान के साथ तीन घंटे के अंदर वापस ठेली पर पहुंच जाते हैं। फिर रात 11 बजे तक चाय, समोसे बेचने का सिलसिला चलता रहता है।

कुछ ऐसी ही कहानी है नोएडा की एक फूड स्ट्रीट में छोले भटूरे और पराठे की दुकान लगाने वाले सतपाल की। उनकी दिनचर्या भी दिन निकलने से पहले शुरू हो जाती है तो देर रात तक चलती है।

इन सबके काम करने के घंटों की कोई सीमा नहीं। ये लोग दिन में 14 से 16 घंटे तक काम कर रहे और खूब कमा रहे। इनकी तरह की कहानी ही अनेक स्ट्रीट वेंडर्स और इस तरह के अन्य काम करने वालों की है, जो बिना कोई छुट्टी लिए हफ्ते में सातों दिन अपने काम में डूबे रहते हैं।

लेकिन फिर भी ये सब खुश हैं क्योंकि ये किसी के दबाव में नहीं, अपनी मर्ज़ी से खुद के लिए काम कर रहे हैं। अगर ये किसी और के लिए कमा रहे होते और इतना अधिक घिसने के बाद छोटी सी रकम ही हाथ में आती तो शायद कहानी कुछ और होती।

इनका उदाहरण इसलिए दिया क्योंकि आजकल हफ्ते में 90 घंटे काम करने पर काफी बहस छिड़ी हुई है। लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम ने न सिर्फ सप्ताह में 90 घंटे बल्कि संडे को भी काम करने की बात क्या कही कि अच्छा खासा बवाल हो गया। वर्क लाइफ बैलेंस में उलझे आम लोगों का रोष तो जायज़ था, लेकिन इंडस्ट्री के दिग्गजों का विरोध में उतरना हैरानी वाला था। महिंद्रा ग्रुप के आनंद महिंद्रा ने तो यहां तक कह दिया कि काम की क्वांटिटी नहीं, क्वॉलिटी मायने रखती है।

हालांकि इससे पहले इन्फोसिस के कोफाउंडर नारायणमूर्ति ने भी 70 घंटों तक काम की वकालत की थी तो खूब बहस छिड़ी, लेकिन इस बार एक लाइन की वजह से इसने ज्यादा तूल पकड़ लिया कि आखिर घर पर कब तक पत्नी को निहारोगे। यहीं से बात बिगड़ गई।

इस बीच, कुछ लोगों ने तो एलएण्डटी ञ्ज की वार्षिक रिपोर्ट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए, जिसमें दिख रहा है कि सुब्रमण्यम साहब की सैलरी तो पिछले साल की तुलना में 43 प्रतिशत तक बढ़ गई जबकि कंपनी के कर्मचारियों का औसत वेतन मात्र 1.32 फीसदी बढ़ा।

भारत में वैसे ही औसतन 46 से 50 घंटे तक एक व्यक्ति काम करता है। ड्यूटी टाइम के बाद तक काम में उलझे रहना हमारे यहां आम बात है। सप्ताह में 90 घंटे का मतलब है कि एक दिन में करीब 13 घंटे काम। महानगरों में दो से तीन घंटे ऑफिस आने-जाने का समय जोड़ लें तो हो गए 16 घंटे। बचे 8 घंटे।

अब डॉक्टर कहते हैं कि सेहत दुरुस्त रखनी है तो कम से कम 8 घंटे की नींद ज़रूरी है। पर दिन के 16 घंटे काम को देने वाला 8 घंटे कैसे सोएगा क्योंकि इसी में से उसे भोजन और फ्रेश होने का समय भी तो निकालना है।

सातों दिन काम करने का मतलब होगा कि परिवार के लिए कोई समय नहीं। ऐसा व्यक्ति कुछ ही दिन में बीमार नहीं हो जाएगा क्या एक बीमार कर्मचारी कंपनी की प्रोडक्टिविटी को बढ़ाएगा या घटाएगा, इसके जवाब के लिए किसी एक्सपर्ट की ज़रूरत है क्या ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

आज का राशिफल

मेष
आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और आपके लिए सम्मान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपको लाभ होगा और आप पुराना कर्ज चुका पाने में सफल होंगे। नया कर्ज लेने से बचें। पुराने दोस्तों का साथ मिलेगा। नए दोस्त भी बनेंगे। पत्नी से सहयोग मिलेगा। रात मौज-मस्ती में बीतेगी।

वृष
आज दिन व्यस्तता से भरा होगा। आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। आपके फैसले आपको फायदा दिलाएंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे। किसी काम में निवेश करना हो, तो दिल खोलकर करें, फायदा होगा। शाम को किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मिथुन
आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सामाजिक कामों में रुकावट आएगी। अचानक धन लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी खुशखबरी मिलेगी। बेवजह खर्च करने से बचें। अगर पहले से कोई बीमारी है, तो परेशानी बढ़ सकती है।

कर्क
आज दिन अच्छा रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। बच्चों पर आपका विश्वास बढ़ेगा। आपको रिश्तेदारों की ओर से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आप अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे, जिससे दुश्मन परेशान होंगे।

सिंह
आज दिन मिला-जुला रहेगा। मानसिक परेशानी, उदासी और बेचैनी हो सकती है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से अनबन हो सकती है, मीठा बोलें। आंखों की समस्या में सुधार होगा। आज का दिन थोड़ा अच्छा, थोड़ा बुरा रहेगा। मन परेशान, उदास और बेचैन रहेगा।

कन्या
आज दिन साहस से भरा होगा। आपके जरूरी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। फिजूलखर्ची के कारण आप काफी परेशान रहेंगे। व्यापार में फायदा होगा। आज आप बहुत हिम्मत वाले रहेंगे।

तुला
आज दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे। अपने गुरु के प्रति श्रद्धा रखें। आपके लिए नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपके अधिकार और संपत्ति में इजाफा होगा। लोगों की मदद करेंगे।

वृश्चिक
आज मन परेशान रहेगा। व्यापार में किए गए प्रयास असफल हो सकते हैं। शाम तक धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर जीत मिलेगी। कोई पुराना मुकदमा चल रहा है, तो उसमें जीत मिल सकती है। आपका मन बेचैन रहेगा। कारोबार बढ़ाने की कोशिशें बेकार जा सकती हैं।

धनु
आज विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी और आपको धन के मामले में लाभ होगा। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कामों में हिस्सा लेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा, पैसों की स्थिति अच्छी होगी। आज आपकी पढ़ाई-लिखाई में तरक्की होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा।

मकर
आज लाभ का दिन है। लेकिन कुछ बेवजह के खर्चे भी होंगे। ससुराल से सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा, रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपको महंगी चीजें मिलेंगी, लेकिन कुछ जरूरी खर्चे भी करने पड़ेंगे।

कुंभ
आज नई-नई चीजें सीखेंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। नौकर-चाकरों का सुख मिलेगा। शाम को पास की यात्रा हो सकती है, जो फायदेमंद रहेगी। आज आप कुछ नया सीखेंगे। सोच-समझकर खर्च करें। नौकर-चाकर सुख देंगे।

मीन
आज बच्चों से जुड़ा कोई पुराना विवाद सुलझ जाएगा। लोग आपसे दोस्ती करना चाहेंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। रात में परिवार के साथ मौज-मस्ती करेंगे। आपके बच्चे से जुड़ा कोई पुराना झगड़ा खत्म हो जाएगा। समाज में इज्जत मिलेगी।

संक्षिप्त समाचार

राजस्थान में पेंशन नहीं मिलने से लाखों लाभार्थी परेशान: अशोक गहलोत

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुजुर्ग लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए रविवार को कहा कि इससे लाखों लाभार्थी परेशान हैं। उन्होंने झुंझुनूं में वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की एक खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, कृपया अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाएं, राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सो रही है, उनकी नींद खराब हो जाएगी। गहलोत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, राजस्थान में हमारी सरकार ने न्यूनतम आय गारंटी कानून बनाया था जिसमें हर बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा इत्यादि को हर महीने पेंशन का अधिकार दिया गया है यानी राजस्थान सरकार इन श्रेणियों में शामिल लोगों को पेंशन देने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा, परन्तु झुंझुनूं में पेंशन ना मिलने पर अपने हक की फरियाद रखने आए बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऐसे मामले में जहां पेंशन संबंधी कानून का पालन ना करवा पाने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी वहां सरकार अपनी शिकायत दर्ज करवाने वाले बुजुर्ग को गिरफ्तार कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, राजस्थान में लाखों पेंशन लाभार्थी इसी तरह परेशान हैं क्योंकि उनकी पेंशन कई महीनों से नहीं आ रही है। संभवत: उन पर दबाव बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है। गहलोत ने कहा, यह पेंशन इन सभी लोगों की आजीविका निर्वहन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महीने पूरे राजस्थान में प्राथमिकता के आधार पर सभी पात्र लोगों को पेंशन मिले।

आतिशी ने एक सप्ताह में 40 लाख रुपये जुटाने का लक्ष्य पूरा करने के बाद चंदा अभियान बंद किया

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा के जरिए 40 लाख रुपये सफलतापूर्वक जुटाने के बाद रविवार को अपना ''डोनेट फॉर आतिशी'' अभियान बंद कर दिया। अभियान में 740 से अधिक समर्थकों ने योगदान दिया, जिससे आतिशी एक सप्ताह के भीतर अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं। अभियान के समापन की घोषणा करते हुए आतिशी ने कहा, ''यह सिर्फ वित्तीय सहायता नहीं है, यह आम आदमी पार्टी की ईमानदार और परिवर्तनकारी राजनीति का जबरदस्त समर्थन है।'' अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा करते हुए आतिशी ने कहा कि उनका भरोसा और उदारता उन्हें एक बेहतर दिल्ली बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है। ''डोनेट फॉर आतिशी'' चंदा अभियान 12 जनवरी को शुरू किया गया था। यह धनराशि आतिशी अपने चुनाव प्रचार अभियान पर खर्च करेंगी। वह आगामी विधानसभा चुनावों में कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में हैं।

दिल्ली सरकार और केंद्र की लड़ाई में पिस रही है जनता: पायलट

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच वर्चस्व की लड़ाई में वहां की जनता पिस रही है। पायलट ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरी है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जनादेश देगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने लोगों को कुछ गारंटी दी हैं। दिल्ली की जनता शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार के तहत हुए विकास को आज भी याद कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बारे में कहा कि जब गठबंधन बना था, तब पार्टी नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों को एक साथ लाए और परिणाम अच्छे रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए लिए इंडिया गठबंधन पहले भी मजबूत था और आज भी मजबूत है।'' सतर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किये जायेंगे।

जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय हालात में मौतें: केंद्र की टीम राजौरी पहुंची, मृतकों की संख्या 17 हुई

जम्मू, एजेंसी। केंद्र की एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी टीम रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले पहुंची जहां कथित तौर पर एक रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस रहस्यमय बीमारी से रविवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सुदूर बधाल गांव में एक-दूसरे से जुड़े तीन परिवारों में कुछ हफ्तों के भीतर हुई मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में इलाज करा रहे मोहम्मद असलम के छह बच्चों में से आखिरी यासमीन कौसर की भी आज शाम मौत हो गई।

छत्तीसगढ़ सरकार का 27 लाख किसानों के लिए बड़ा ऐलान, जारी करेगी धान पर बोनस

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को राज्य के 27 लाख से अधिक धान किसानों के लिए बड़ा फैसला किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने अगले महीने धान पर लंबित बोनस जारी करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। इसके साथ ही कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

बता दें कि धान की खरीद पिछले साल 14 नवंबर को शुरू हुई थी। यह 31 जनवरी तक जारी रहेगी। सरकार ने 2024-25 के लिए लगभग 160 लाख टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। किसानों को अब तक धान के समर्थन मूल्य के रूप में 2,300 रुपये प्रति क्विंटल मिल चुके हैं। घोषित मूल्य 3,100 रुपये प्रति क्विंटल है। अब राज्य के 27.68 लाख किसानों को फरवरी में प्रति क्विंटल पर 800 रुपये का बोनस जारी किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट ने सरप्लस धान ऑनलाइन नीलामी के जरिए बेचने का भी फैसला किया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि विशेष राहत पैकेज के तहत इस्पात उद्योग के एक निश्चित सेक्शन को ऊर्जा शुल्क में प्रति यूनिट एक रुपये की अधिकतम छूट दी जाएगी। यह निर्णय 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। मंत्रिमंडल ने आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर रहे लेखकों और कलाकारों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का भी निर्णय लिया। इन लोगों के परिजनों को इनकी मृत्यु के बाद एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। राज्य सरकार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को वित्तीय बाजारों और स्टॉक एक्सचेंजों की बारीकियों की ट्रेनिंग देगी। इसके लिए वह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। कैबिनेट ने नवा रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्री सत्य साई स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट को अतिरिक्त पांच एकड़ जमीन निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया है। सरकार नवा रायपुर में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर की स्थापना के लिए रियायती दर पर 40 एकड़ जमीन देगी। कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया है कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की ओर से निर्मित आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां जो 5 साल से अधिक समय से बिना बिकी हैं, उन्हें लागत मूल्य (आधार दर) पर 30 फीसदी तक की छूट के साथ बेचा जाएगा।

छत्तीसगढ़: भालू के हमले से बेटे की मौत, शव लेने पहुंचे तो फिर किया अटैक; पिता की भी गई जान

कांकेर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कांकेर से दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां जंगल में एक भालू ने बाप-बेटे पर हमला किया, जिसमें दोनों की मौत हो गई है। आक्रामक भालू ने पहले बेटे पर अटैक किया और उसकी जान चली गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम जब शव उठाने पहुंची तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। इसमें पिता की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग जख्मी हो गए हैं।

वन अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार को कोरार वन रेंज के अंतर्गत डोंगरकट्टा गांव के पास एक पहाड़ी पर हुई है। हमले के दौरान भालू ने सबसे पहले सुकलाल दारो और अज्जू कुरेटी पर उस समय हमला किया, जब वे जैलनकासा पहाड़ी पर जंगल में लकड़ियां इकट्ठा करने गए थे। इस हमले के चलते दारो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुरेटी गंभीर रूप से घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि वन एवं पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए तथा घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद जब वनकर्मी और स्थानीय लोग दारो के शव को हटा रहे थे, तो जानवर ने दोबारा हमला कर दिया। इससे दारो के पिता शंकर दारो की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दोबारा हुए हमले में वन रक्षक नारायण यादव के हाथ में भी चोटें आईं है।

केरल की अदालत ने बाबा रामदेव के खिलाफ जारी कर दिया वॉरंट

पलक्कड़, एजेंसी। केरल की एक अदालत ने भ्रामक विज्ञापन के एक मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय ने रामदेव, बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ वारंट जारी किया। पलक्कड़ के औषधि निरीक्षक ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत के आधार पर औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 3(डी) सह धारा 7(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मजिस्ट्रेट अदालत ने 16 जनवरी के अपने आदेश में कहा, 'शिकायतकर्ता अनुपस्थित है। सभी आरोपी अनुपस्थित हैं। सभी आरोपियों के लिए जमानती वारंट जारी किया गया है।' पलक्कड़ जिला न्यायालय की वेबसाइट पर मामले की स्थिति के अनुसार सुनवाई की अगली तारीख एक फरवरी है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अपने दावों, विज्ञापनों और दवाओं को लेकर बाबा रामदेव के खिलाफ कार्रवाई हुई है। कोरोना का इलाज करने का दावा करने के बाद भी डॉक्टरों के संगठन ने उनका विरोध किया था। इसके अलावा एड्स, होमोसेक्शुअलिटी तक ठीक करने के दावों की वजह से वह विवाद में रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी पतंजलि को फटकार लगाई थी। दरअसल आईएमए ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल की थी। इसमें कहा गया था कि कोविड वैक्सनेशन और एलोपैथी के खिलाफ वह प्रचार कर रहे हैं और आयुर्वेदिक दवाइयों को लेकर झूठे वादे कर रहे हैं। पतंजलि पर कानून तोड़ने के भी आरोप लगाए गए थे। पतंजलि के प्रिंट मीडिया पर जारी विज्ञापनों का भी विरोध किया गया। अदालत के निर्देशों का पालन ना करने पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगा दी थी।

आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने की गौमूत्र की तारीफ, सियासी गलियारों में मच गया बवाल

चेन्नई, एजेंसी। आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह गौमूत्र के औषधीय गुणों के बारे में बता रहे हैं। कामकोटि ने गौमूत्र को एंटीबैक्टीरियल, एंटी फंगल और पाचन में मदद करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि गौमूत्र जठरांत्र विकार से भी राहत दिलाता है। उनके इस दावे का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी गलियारों में भी हंगामा होने लगा। कांग्रेस और डीएमके ने उनके इस बयान पर कड़ा विरोध जताया है। चेन्नई में गो संरक्षणशाला के कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि संन्यासियों को जब तेज बुखार आ जाता है तब भी वे गौमूत्र का इस्तेमाल करते हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक वायरल हो रहा वीडियो सच है। उन्होंने कहा कि वह एक जैविक किसान भी हैं इसलिए उनकी बातों का संदर्भ बहुत विस्तृत है। डीएमके और कांग्रेस ने आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर के इस बयान की आलोचना की है। कांग्रेस नेता कार्ती पी चीदंबरम ने कहा कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर का दावा बेबुनियाद है और इसका विज्ञान से कोई लेना देना नहीं है। वहीं डीएमके नेता टीकेएस एलांगोवान ने कहा कि उन्हें इस नामी संस्थान से कहीं और भेज देना चाहिए।

कटरा-बडगाम ट्रैक पर सफल रहा ट्रायल, नदियों और पहाड़ों से होकर गुजरी

कटरा, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने अपने यात्रियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी दी है। कटरा और श्रीनगर रेलवे स्टेशन के बीच 22 बोगियों वाली रेलगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन पर पहला सफल ट्रायल था। अधिकारियों ने बताया कि 18 एसी कोच, सामान ढोने वाली 2 बोगियों और दो इंजनों वाली यह रेलगाड़ी है। सुबह करीब आठ बजे कटरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई और रेलवे अधिकारियों की निगरानी में चार घंटे के भीतर सफलतापूर्वक अपने गंतव्य पर पहुंच गई। यह कटरा और श्रीनगर के बीच पहला ट्रायल रन था।

कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम 1997 में शुरू हुआ था, लेकिन भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसे अलग-अलग समय पर भिन्न-भिन्न समयसीमा निर्धारित किए जाने के बावजूद पूरा नहीं किया जा सका। इसी महीने 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्क्रूरु) के कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा हुआ है। यूएसबीआरएल 41,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। यह पूरा ट्रैक 326 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 111 किलोमीटर हिस्सा सुरंगों में है। इसी रूट पर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी बना है।

26 जनवरी से शुरू हो सकती है यात्रा : रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल में किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। उन्होंने कहा, 26 जनवरी तक ट्रेन को औपचारिक रूप से शुरू करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत तक दिल्ली-श्रीनगर ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं। यह जम्मू-कश्मीर के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इससे न केवल पर्यटन बल्कि क्षेत्र में व्यापार गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने वाला है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर आधुनिक संरचना का काम प्रगति पर है। इसके पुनर्विकास के तहत यहां प्लेटफार्मों की संख्या तीन से बढ़कर सात हो जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जनवरी को जम्मू रेल मंडल का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया था। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण, उन्नत सुविधाओं, संपर्क और रोजगार सहित चार मापदंडों पर विकास कर रही है। जम्मू रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण के अंतर्गत जल्द ही प्लेटफार्मों की संख्या 3 से बढ़ाकर 7 कर दी जाएगी।

महाराष्ट्र में रिक्शा और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद बवाल, दो समूहों ने एक-दूसरे पर किया पथराव

नंदुरबार, एजेंसी। महाराष्ट्र के नंदुरबार शहर में रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद दो समूह आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से एक-दूसरे पर पथराव किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शहर में हुए इस सड़क हादसे के बाद हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। अभी तक किसी संपत्ति के नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस टीम को ओर से हालात पर धीरे-धीरे काबू पाया जा रहा है। सोमवार सुबह माहौल कुछ शांत नजर आया। एएसपी श्रवण एस दत्त ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, रविवार रात करीब 10 बजे एक विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे पहले दिन में एक घटना हुई थी जिसे लेकर मामला दर्ज किया गया। इसके कुछ समय बाद पथराव किए जाने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस बलों की तैनात किया गया और स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की तैनाती के चलते हिंसा दूसरे इलाकों में नहीं फैली। किसी संपत्ति के नुकसान या हताहत होने की सूचना नहीं है। पथराव में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है।

जलगांव में ट्रेन पर फेंका गया था पत्थर : गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र के जलगांव रेलवे स्टेशन के नजदीक ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंका गया था। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, केवल बी6 कोच की खिड़की का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जलगांव रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि सूरत से छपरा जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सवार कुछ यात्रियों ने पथराव की सूचना सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे यात्रियों के अनुसार, जलगांव स्टेशन से रवाना होने के दो-तीन किलोमीटर बाद ट्रेन पर पत्थर फेंका गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देवेंद्र फडणवीस सरकार के फैसले पर भड़की एकनाथ शिंदे की शिवसेना, लगानी पड़ गई रोक

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन हो गया है और मंत्रालयों के बंटवारों के बाद कामकाज भी चल रहा है, लेकिन महायुति में रार का एक नया विषय खड़ा हो गया है। रविवार को ही देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने नासिक और रायगड़ जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त करने का आदेश जारी किया था, जिस पर अब स्टे लगा दिया है। इस फैसले के खिलाफ एकनाथ शिंदे की लीडरशिप वाली शिवसेना के बीच भारी असंतोष दिखा था और कई जगहों पर शिवसैनिकों ने विरोध प्रदर्शन भी किए थे। ऐसे में देर रात ही सरकार ने फैसले पर स्टे लगा दिया। शिवसेना का कहना है कि प्रभारी मंत्री के चयन में पारदर्शिता और समानता रखी जाए। यह विवाद इसलिए हो रहा है क्योंकि एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगढ़ का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि नासिक की जिम्मेदारी भाजपा लीडर गिरीश महाजन को मिली है। महाराष्ट्र में प्रभारी मंत्री को ही गार्जियन मिनिस्टर कहा जाता है। गार्जियन मिनिस्टर की जिले की विकास योजनाओं से जुड़ी मीटिंगों में हिस्सेदारी होती है और वह सभी मामलों का एक तरह से निरीक्षणकर्ता होता है। ऐसे में इसका काफी महत्व होता है और पार्टियों के बीच प्रभारी मंत्री के पद को लेकर खींचतान रहती है। रविवार को जैसे ही जानकारी मिली कि प्रभारी मंत्री का पद भाजपा और एनसीपी के खाते में गया है तो शिवसैनिक भड़क गए। शिवसेना को उम्मीद थी कि भारत गोगावाले को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाया जाएगा, जबकि नासिक की कमान दादा भुसे को मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और इसे शिवसैनिकों ने एनसीपी एवं भाजपा के बीच गठजोड़ के चलते खुद को नजरअंदाज करने के तौर पर देखा गया है। शिवसेना के स्थानीय नेताओं का कहना है कि गार्जियन मिनिस्टर का पद किसी और दल को देकर स्थानीय समीकरणों को नजरअंदाज किया गया है। इसका असर रहा कि राज्य सरकार ने तत्काल एक मीटिंग बुलाई और गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति पर स्टे लगा दिया। अब सरकार के सूत्रों का कहना है कि शिवसेना के साथ भी मीटिंग होनी और आम सहमति के साथ ही कोई फैसला लिया जाएगा।

हिमाचल में फिर बढ़े सीमेंट के दाम, विपक्ष ने लगाए सरकार पर सांठगांठ के आरोप

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में सीमेंट के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। प्रमुख सीमेंट कंपनियां अंबुजा, एसीसी और अल्ट्राटेक ने प्रति बैग कीमत में पांच रुपये की वृद्धि की है। यह वृद्धि एक महीने के भीतर दूसरी बार हुई है। सीमेंट की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश में सीमेंट की कीमत बढ़ने के बाद लोगों को 435 से 490 रुपए प्रति बैग दाम चुकाने होंगे।

विपक्ष ने बोला हमला : सीमेंट की बढ़ी कीमतों को लेकर विपक्ष ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि सत्ता में आने के बाद सीमेंट की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अब तक सीमेंट की कीमत प्रति बैग 160 रुपये तक बढ़ चुकी है।

विपक्ष ने लगाए सरकार पर आरोप : जयराम ठाकुर ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में थी तब वह कहती थी कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की मिलीभगत है। सरकार दाम नियंत्रित कर सकती है लेकिन अब सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है। कांग्रेस सरकार सीमेंट की कीमतों को नियंत्रित क्यों नहीं कर रही है। क्या सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की कोई सांठगांठ है? यदि नहीं तो कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी क्यों हो रही है? सरकार को इस पर सफाई देनी चाहिए।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का जवाब : विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि सीमेंट कंपनियों पर केंद्र और प्रदेश सरकारों का कोई सीधा नियंत्रण नहीं होता है। हालांकि सरकार कंपनियों से बातचीत कर कीमतों को स्थिर रखने का आग्रह कर सकती है।

विपक्ष पर पलटवार : उद्योग मंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में सीमेंट की कीमतों में केवल 30 रुपये की वृद्धि हुई है जबकि भाजपा सरकार के पांच सालों में 130 रुपये का इजाफा हुआ था। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की किसी भी तरह की मिलीभगत का सवाल ही नहीं उठता।

सीमेंट की कीमतों में वृद्धि से आम जनता परेशान : सीमेंट की कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोतरी ने प्रदेश में पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब निर्माण सामग्री के बढ़ते दामों का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि हिमाचल प्रदेश में सीमेंट उत्पादन होने के बावजूद यहां की जनता को महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सरकार को इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाना चाहिए और सीमेंट कंपनियों को दाम बढ़ाने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

अंडर-19 विश्व कप

नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया

कुआलालंपुर, एजेंसी। आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए। लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरुआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया। आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया। दिशा और चेतना रेड्डी की ओपनिंग साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली। वहीं, कुआलालंपुर में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 2 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91/9 का स्कोर बनाया। आफिया असीमा ने 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की पारी में कप्तान लूसी हैमिल्टन ने 30 रन बनाए, लेकिन टीम ने एक समय 17 रनों पर 5 विकेट गंवा दिए। हालांकि, एला ब्रिस्को (11*) और टेगन विलियमसन (3*) ने अंत तक डटे रहकर टीम को 4 गेंद शेष रहते जीत दिलाई।

संक्षिप्त स्कोरः नाइजीरिया 65/6 (लिलियन उडे 19, पीटी लकी 18; हन्ना फ्रांसिस 1-4, अनिका तौव्हारे 1-6), न्यूजीलैंड 63/6 (अनिका टॉड 19, टैश वेकेलिन 18; पीस यूसेन 1-5, पिटी)

आयरलैंड 17.4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट (एलिस वॉल्श 16, लारा मैकब्राइड 13; इसानी वाघेला 3-10, रितु सिंह 2-8) , यूएसए 79/1 (दिशा ढींगरा 46, चेतना रेड्डी पगड्याला 23 नाबाद, लारा मैकब्राइड 1-9)

बांग्लादेश 91/9 (आफिया आशिमा एरा 29, एमएसटी सुमैया अख्तर सुबोरना 13; टेगन विलियमसन 2-12, काओम्हे ब्रे 2-18), ऑस्ट्रेलिया 92/8 (लुसी हैमिल्टन 30, केट पेले 16; जन्नतुल मौआ 3- 15, हबीबा इस्लाम पिंकी 1-12)

ऑनलाइन शतरंज में 9 साल के बच्चे से हार गये 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन, बांग्लादेश के फिडे मास्टर का दावा

नईदिल्ली, एजेंसी। मैग्नस कार्लसन अक्सर हारते नहीं हैं। नार्वे का ग्रैंडमास्टर आखिरकार पांच बार के विश्व चैंपियन हैं, वह 2011 से दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्हें शतरंज खेलने वाले महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2023 में खुद ही अपने खिताब का बचाव नहीं करने का फैसला किया था।

हालांकि, बांग्लादेश के एक फिडे मास्टर नई हक ने दावा किया है कि जिस नौ वर्षीय लड़के को वह कोचिंग दे रहे हैं, उसने 34 साल के मैग्नस कार्लसन को एक ऑनलाइन टूर्नामेंट में हरा दिया है। चौंकाने वाला नतीजा शनिवार 18 जनवरी 2025 को ष्ट्ढद्गह्यह्य.ष्शद्ब चेस.कॉम पर बुलेट ब्रॉल इवेंट के दौरान हुआ, जिसमें काले मोहरों के साथ खेलते हुए मैग्नस कार्लसन नईम हक से हार गये, यह अकाउंट फिडे मास्टर नईम हक का है।

चेसः

प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया, गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने दूसरे दौर के मुकाबले ड्रॉ खेले

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौरे में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी।

खो-खो वर्ल्ड कप 2025:

भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रचा इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी। खो खो विश्व कप 2025 में रविवार (19 जनवरी) को भारत के लिए दोहरी खुशी मिली। पहले भारतीय महिला टीम ने नेपाल के खिलाफ 78-40 की शानदार जीत के साथ खिताब जीता। इसके बाद पुरुष टीम ने भी नेपाल खिलाफ 54-36 से शानदार जीत दर्ज की। पहला खो खो विश्व कप 13 से 19 जनवरी तक भारत के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेला गया। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला वर्ग की 39 टीमों ने हिस्सा लिया था। 20 पुरुषो टीमों को चार ग्रुप में रखा गया था, जबकि महिलाओं के वर्ग में 19 टीमों को चार ग्रुप में रखा गया था। मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला।

टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से भारत के पक्ष में रहा।

तीसरी पारी में भी नेपाल ऑलआउटः तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया।

भारतीय टीम का सफर शानदार रहाः चैंपियनशिप तक भारतीय टीम का सफर शानदार रहा। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा दिखाया, जिसकी शुरुआत ग्रुप स्टेज में ब्राजील, पेरू और भूटान पर जीत से हुई। नॉकआउट राउंड तक लय जारी रही, जहां उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को हराया और फिर सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की मजबूत टीम को हराया।

एसए20: जानसेन की बदौलत सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने सेंट जॉर्ज पार्क में डरबन सुपर जायंट्स पर लगातार दूसरी बोनस अंक की जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत डरबन सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। लगातार तीन हार के बाद गत चैंपियन ने निश्चित रूप से वापसी की है और अब वह उस फॉर्म के करीब पहुंच रहे हैं, जिसने उन्हें पिछले दो सत्रों में लगातार एसए20 चैंपियनशिप जीतने में मदद की थी। पिछले सीजन के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज मार्को जानसेन (2/23) ने नई गेंद से विशेष प्रदर्शन करके वापसी की थी। जानसेन ने पारी की दूसरी ही गेंद पर डरबन के सुपरजाइंट्स के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया। जानसेन ने कहा, टीम की जीत से मुझे खुशी है। इस समय सब ठीक चल रहा है। पावरप्ले में गेंदबाजी करना आसान नहीं है, मेरे लिए यह विकेट लेने के बारे में है और सब कुछ अपने आप ठीक हो जाता है। मैं लगातार सटीक गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। हमारे फैंस शानदार हैं और मैं उनके आने की सराहना करता हूं। जानसेन के अलावा रिचर्ड ग्लीसन (2-19), ओटनील बार्टमैन (2-30) और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन (2-11) ने मेहमान टीम को 115/8 पर रोक दिया।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025:

शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाए जाने का हरभजन सिंह ने किया विरोध

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है और इन दोनों अहम टूर्नामेंट के लिए भारतीय वनडे टीम का उप-कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबित टीम के हेड कोच गौतम गंभीर चाहते थे कि भारतीय टीम का उप-कप्तान हार्दिक पांड्या को बनाय जाए, लेकिन अजीत अगरकर और रोहित शर्मा की पसंद गिल थे और इसकी वजह से ही उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई।

अब गिल के वनडे का उप-कप्तान बनने के बाद टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि ऐसा अभी किए जाने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन शुभमन गिल को नया उप-कप्तान घोषित करने के पहले चैंपियंस ट्रॉफी तक का इंतजार कर सकते थे। वहीं उनका मानना है कि इस अहम टूर्नामेंट में भारतीय पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल करें, लेकिन उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया कि गिल के उप-कप्तान बनने के बाद अब यशस्वी को शीर्ष क्रम में खेलने का मौका मिले।

हरभजन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि भारत रोहित-यशस्वी के साथ बतौर ओपनर जा सकता है क्योंकि टीम को ऐसे खिलाड़ी को मैदान पर उतारने की जरूरत है जो फॉर्म में है साथ ही टॉप ऑर्डर में दाएं-बाएं का संयोजन भी इससे आता है और इससे विरोधी गेंदबाजों को परेशानी होगी।

हम सभी ने कहा कि जायसवाल को टीम में होना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में खेला उससे पता चलता है कि वह तैयार हैं। उन्हें न केवल टीम में होना चाहि, बल्कि उन्हें अंतिम एकादश में भी खेलना चाहिए, लेकिन अब मुझे लगता है कि उनका अंतिम एकादश में खेलना मुश्किल होगा। भज्जी ने आगे कहा कि शुभमन गिल उप-कप्तान हैं और वह पारी की शुरुआत करेंगे। आप यह नहीं कह सकते कि यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे.

सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में कई फ्लोटर्स शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, ...यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है। अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है.

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

स्वितोलिना ने छह साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

मेलबर्न, एजेंसी। यूक्रेन की खिलाड़ी और 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को रोड लेवर एरिना में हुए चौथे राउंड के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराकर छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 स्वितोलिना ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड स्लैम में 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनने के बाद यह कारनामा किया है। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है।

अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का सामना छठी सीड एलिना रिबाकिना और 19वीं सीड मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे राउंड के विजेता से होगा। स्वितोलिना के प्रदर्शन पर मां बनने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा है। 2022 में बेटी स्काई के जन्म के बाद यह उनका चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है। उन्होंने 2018 और 2019 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

पिछले साल, स्वितोलिना ने शानदार शुरुआत की थी, लेकिन चौथे राउंड में लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ पीठ में चोट के कारण केवल तीन गेम के बाद मैच छोड़ना पड़ा। इसके बाद पूरे सीजन में वह शारीरिक समस्याओं से जूझती रहीं और यूएस ओपन के बाद फुट सर्जरी के लिए ब्रेक लिया। यह टूर्नामेंट उनकी सर्जरी के बाद पहला है। मैच की शुरुआत में स्वितोलिना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुदेरमेटोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली थी। लेकिन स्वितोलिना ने अपनी लय हासिल करते हुए लगातार पांच गेम जीते और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शानदार वापसी की, 3-1 की बढ़त के साथ मैच पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया और 83 मिनट में जीत दर्ज की।

सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है। शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं।

31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है। रैना ने कहा, उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है।

नीरज चोपड़ा ने टेनिस प्लेयर हिमानी संग शादी की

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को शादी कर ली। उन्होंने 2 दिन बाद रविवार को रात 9.36 बजे सोशल मीडिया पर अपनी शादी की 3 तस्वीरें पोस्ट कीं। फोटोज में उनकी पत्नी हिमानी और मां सरोज देवी नजर आए। 27 साल के नीरज ने सोशल मीडिया पर लिखा- जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की।

पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, नीरज और हिमानी की शादी का कार्यक्रम बहुत ही गुपचुप तरीके से रखा गया था। शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के करीबी सदस्य शामिल हुए। नीरज ने जो तस्वीरें शेयर कीं, उनमें परिवार के कुछ लोग ही साथ बैठे नजर आ रहे हैं। शादी की जानकारी परिवार के अलावा किसी और को नहीं थी। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की फोटो शेयर की।

शादी की तस्वीरें पोस्ट कर चौंकाया नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट कर सभी को चौंकाया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में अपना और पत्नी हिमानी का नाम लिखा और दिल का इमोजी बनाया। उन्होंने इंग्लिश में लिखा, सभी के आशीर्वाद का शुक्रगुजार हूं, जो हमारे इस मोमेंट में भागीदार बने। प्यार में बंधे, हमेशा के लिए खुश। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी शादी के बारे में बताया।

स्कूल टाइम में टेनिस खेलना शुरू किया

हिमानी मोर ने सोनीपत के लिटिल एंजेल स्कूल में पढ़ाई के दौरान टेनिस खेलना शुरू किया था। हिमानी की मां मीना ने उन्हें शुरुआती दौर में ट्रेनिंग दी। उन्होंने गांव छोड़कर सोनीपत में किराए का मकान लिया। खेल के साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से ग्रेजुएशन की। इसके बाद उन्होंने 2017-18 में ताइवान में आयोजित विश्वविद्यालय टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मां के अलावा पिता चांद राम मोर ने भी बेटी को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हिमानी का छोटा भाई हिमांशु भी टेनिस का खिलाड़ी है। साथ ही 2 चचेरे भाई इंटरनेशल खिलाड़ी रहे हैं।

नीरज अपनी दुल्हनिया के साथ आज यानी रविवार सुबह विदेश में घूमने के लिए गए हैं। उनके वापस भारत लौटने के बाद ही रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया जाएगा। मां ने पाकिस्तानी एथलीट के लिए कहा था, अरशद भी मेरा बेटा नीरज ने सोशल मीडिया पर अपनी मां सरोज देवी के साथ भी फोटो पोस्ट की। नीरज ने जब पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था, तब गोल्ड मेडल पाकिस्तान के अरशद नदीम के हाथ लगा था। मैच के बाद नीरज की मां ने कहा था, हम बहुत खुश हैं, जिसने गोल्ड जीता वो भी मेरा ही बेटा है।

कौन हैं नीरज की पत्नी हिमानी?

नीरज ने अपने ही राज्य हरियाणा के सोनीपत जिले के लड़सौली गांव की रहने वाली टेनिस प्लेयर हिमानी मोर के साथ 7 फेरे लिए। हिमानी एसए से स्पोर्ट्स स्टडी कर रही हैं। उनके पिता चांद राम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करीब 2 महीने पहले ही रिटायर हुए हैं। हिमानी के पिता ने गांव में खेल स्टेडियम बनवाया है। वे यहां खिलाड़ियों को सर्कल कबड्डी खिलाते हैं।

मनु भाकर से शादी की अफवाह थी

पेरिस ओलिंपिक खत्म होने के बाद खबरें आ रही थीं कि शूटर मनु भाकर और नीरज शादी करेंगे। हालांकि मनु के पिता ने इन खबरों का खंडन करते हुए कह दिया था कि मनु अभी छोटी है। इतना ही नहीं, मनु की मां नीरज को अपने बेटे के समान भी मानती हैं।

हनीमून के लिए विदेश गए नीरज

नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा ने बातचीत में बताया कि शादी का कार्यक्रम बहुत ही गुपचुप तरीके से रखा गया था। शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के सदस्य शामिल हुए। गांव और रिश्तेदारी में भी किसी को शादी के बारे में नहीं पता था। सोशल मीडिया पोस्ट के बाद सभी को शादी की सूचना मिली। यह शादी 17 जनवरी को भारत में हुई है।

संक्षिप्त समाचार

श्रीलंका में दो बसों के बीच टक्कर, अस्पताल में भर्ती हुए 35 से अधिक लोग

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत में रविवार को दो बसों के बीच जोरदार टक्कर हुई है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हादसे के बाद 35 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने पुलिस के हवाले से बताया कि घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उनका मतारा जिले के मुख्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हादसे के समय बारिश हो रही थी। पुलिस ने हाल ही में बताया कि साल 2020 और 2024 के बीच यातायात दुर्घटनाओं में देश में 12,140 लोगों की जान चली गई है। बसों से जुड़ी दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर श्रीलंका के अधिकारी उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं, जो यात्री बसों में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसके अलावा श्रीलंकाई सरकार ने सड़क हादसों को रोकने और अपराध तथा नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त 10,000 पुलिस अधिकारियों की भर्ती को अधिकृत किया है। पुलिस ने हाल ही में बताया था कि साल 2020 से 2024 के बीच सड़क हादसों में 12,140 लोगों की जान चली गई है।

दो साल बाद जॉर्जिया के पॉल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक, राज्य में अलर्ट

वाशिंगटन, एजेंसी। 2022 के बाद एक बार फिर अमेरिका के जॉर्जिया में बर्ड फ्लू फैलने की खबर सामने आ रही है। खबर है कि जॉर्जिया के एक बड़े मुर्गी फार्म में बर्ड फ्लू पाया गया है। राज्य के कृषि विभाग ने मामले के बारे में बताया कि यह बीमारी एलबर्ट काउंटी में एक मुर्गी पोल्ट्री फार्म पर पाई गई है जो अटलांटा से लगभग 165 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित है। बता दें कि जॉर्जिया अमेरिका का सबसे बड़ा चिकन उत्पादन राज्य है। मामले की पुष्टि के बाद राज्य में पोल्ट्री से संबंधित सभी गतिविधियां जैसे कि पोल्ट्री प्रदर्शन, शो, और बिक्री को रोक दिया गया है। अब तक, बर्ड फ्लू के मामले छोटे खेतों तक ही सीमित थे, लेकिन अब यह बड़े पोल्ट्री फार्मों में भी फैल गया है। अधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू का पता तब चला जब वहां करीब 45,000 बेचने के लिए मुर्गे पाले गए थे। हालांकि प्रभावित क्षेत्र के आस-पास के सभी पोल्ट्री फार्मों को क्वारंटाइन में रखा गया है और इन फार्मों पर टेस्टिंग की जा रही है। साथ ही कृषि विभाग ने यह भी बताया कि अब प्रभावित जगह को साफ किया जा रहा है और संक्रमित पक्षियों को हटा दिया जा रहा है। गौरतलब है कि यह बीमारी पिछले दो सालों में दुनियाभर में लाखों पक्षियों की मौत का कारण बन चुकी है। हाल ही में, यू.एस. कृषि विभाग ने जानकारी दी कि पिछले महीने 84 पोल्ट्री फार्मों में यह वायरस पाया गया था, जिसमें लाखों पक्षी संक्रमित हुए थे। हालांकि, बर्ड फ्लू से इंसानों में संक्रमण के मामले बहुत कम होते हैं, और हाल ही में एक व्यक्ति की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि हुई है।

भारत-अमेरिका संबंध केवल लेन-देन वाले नहीं रहने चाहिए : रिचर्ड वर्मा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी विदेश विभाग के शीर्ष अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध साझा मूल्यों पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के संबंध केवल लेन-देन पर आधारित नहीं होने चाहिए। विदेश विभाग में प्रबंधन और संसाधन मामलों के उप विदेश मंत्री वर्मा ने कहा कि वह अमेरिका और भारत के बीच मतभेदों को लेकर चिंतित नहीं हैं, क्योंकि वे संबंधों को और अधिक गतिशील बनाते हैं। पद छोड़ने की तैयारी कर रहे वर्मा ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में कहा, मैं नहीं चाहता कि यह ऐसा लेन-देन वाला संबंध बन जाए, जिसमें हम केवल चीजें बेचना चाहते हों या आप चीजें खरीदना चाहते हैं। रिचर्ड वर्मा पहले भारत में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं। बाइडन का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही रिचर्ड वर्मा का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। वर्मा बीते ढाई दशकों से भारत-अमेरिका संबंधों में एक अहम योगदानकर्ता रहे हैं। वर्मा ने कहा कि दोनों देश मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। मैं देखता हूं कि हम किस तरह से तकनीक और खुफिया जानकारी साझा करते हैं। मैं देखता हूं कि हम किस तरह से कुछ सबसे उन्नत प्रणालियों का संयुक्त उत्पादन और विकास करते हैं और हम किस तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए तैयार हैं।

बाइडन ने अश्वेत राष्ट्रवादी मार्कस गार्वे और 4 अन्य को क्षमा किया

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को अश्वेत राष्ट्रवादी मार्कस गार्वे को मरणोपरांत क्षमा कर दिया। गार्वे को 1920 के दशक में मेल धोखाधड़ी के लिए दोषी ठहराया गया था और वे मैल्कम एक्स जैसे नागरिक अधिकार नेताओं पर प्रभाव डालने के लिए जाने जाते थे। इसके अलावा, बाइडन ने वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के स्पीकर डॉन स्कॉट, अप्रवासी अधिकार कार्यकर्ता रवि रागबीर, केम्बा स्मिथ प्राडिया, बंदूक हिंसा रोकथाम अधिवक्ता डेरिल चैंबर्स को भी क्षमादान दिया।

ट्रम्प का विक्ट्री भाषण:बोले- अब तेजी से काम होगा, सरकारी दस्तावेज सार्वजनिक करेंगे; कहा- गाजा में सीजफायर कराया

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार रात वॉशिंगटन में अपना विक्ट्री भाषण (विजयी भाषण) दिया। ट्रम्प ने कहा कि उनकी शपथ के बाद अमेरिकी पतन के चार सालों का अंत हो जाएगा। उन्होंने अपने अगले कार्यकाल में ऐतिहासिक गति से काम करने की बात कही। इसकी शुरुआत मेक्सिको बॉर्डर को सील करने से होगी। ट्रम्प ने कहा- मैं ऐतिहासिक गति और शक्ति के साथ काम करूंगा और हमारे देश के सामने मौजूद हर एक संकट को हल करूंगा। ट्रम्प ने कहा कि उनके चुनाव जीतने के महज 3 महीने में ही गाजा में सीजफायर हो गया है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी समेत दूसरे नेताओं की हत्याओं से जुड़ें 60 साल पुराने सरकारी दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की बात भी कही। ट्रंप का ये भाषण कैपिटल वन एरिना में हुआ। 20,000 लोगों की क्षमता वाला ये एरिना खचाखच भरा था। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग कड़ी के ठंड के बावजूद बाहर खड़े हुए थे। ट्रम्प ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही। ट्रम्प ने कहा बहुत जल्द हम अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे। ट्रम्प ने यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने, मध्य पूर्व में फैली अराजकता को रोकने और तीसरे विश्व युद्ध को टालने का भी वादा किया। ट्रम्प ने दावा किया कि हम तीसरे विश्व युद्ध के बेहद नजदीक है।

अपने शपथ ग्रहण पर : शपथ ग्रहण पर बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कल

दोपहर अपना देश वापस लेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका के पतन के चार लंबे साल खत्म हो रहे हैं और हम अमेरिकी शक्ति, समृद्धि, गरिमा और गर्व का एक नया दिन शुरू करने जा रहे हैं।

वैचारिक बदलाव पर : ट्रम्प ने कहा, हम अपनी स्कूलों में देशभक्ति की भावना को बहाल करेंगे, कट्टर वामपंथी और वोक विचारधाराओं को हमारी सेना और सरकार से बाहर करेंगे। हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे।

कैपिटल हिल हिंसा के दोषियों पर : डोनाल्ड ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुई हिंसा के दोषियों को माफी दे सकते हैं। रैली के दौरान ट्रम्प ने बताया वो इन दोषियों पर लिए गए फैसले से बेहद खुश हैं।

टिकटॉक पर बैन नहीं लगेगा : डोनाल्ड ट्रम्प ने चीनी ऐप टिकटॉक को प्रतिबंध नहीं लगाने की बात दोहराई। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद इसके लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करने की बात कही। भाषण के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आज से टिकटॉक वापस आ गया है। ट्रम्प ने कहा- हमें टिक-टॉक को बचाना होगा क्योंकि हमें कई नौकरियां बचानी हैं। हम अपना व्यापार चीन को नहीं देना चाहते... मैंने टिक-टॉक को मंजूरी देने पर सहमति जताई है बशर्ते अमेरिका इसका 50 प्रतिशत स्वामित्व रखे। इससे पहले टिकटॉक ने शनिवार देर रात से देश में काम करना बंद कर दिया था। रविवार को डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर अधिकारियों को टिकटॉक को और समय देने का आदेश दिया। इसके बाद टिकटॉक ने दोबारा काम करना शुरू किया। कंपनी ने अपनी वापसी का श्रेय ट्रम्प को दिया। रविवार को ही कुछ घंटो बाद टिकटॉक ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। कंपनी ने लिखा- सर्विस को रिस्टोर किया जा रहा है। हम अमेरिका में टिकटॉक को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मिलकर काम करेंगे।

लॉस एंजिल्स का पुनर्निर्माण करेंगे ट्रम्प ने भाषण के बाद कहा कि वह कैलिफोर्निया में आग से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को दौरा करेंगे। आग की चपेट में आने से करीब 40 हजार एकड़ इलाका जल गया था। इसमें 27 लोगों की मौत भी हुई। ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में होने वाले 2028 ओलंपिक के लिए शहर का पुनर्निर्माण करने की बात कही। ट्रम्प ने कहा- हम सब मिलकर लॉस एंजिल्स को पहले से कहीं बेहतर और सुंदर बनाएंगे। हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन बिल्डर हैं। रैली के दौरान ट्रम्प ने कैलिफोर्निया के गर्वनर गेविन न्यूसम की आलोचना भी की।

ट्रम्प इस बार दोगुने ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे : ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल पर दैनिक भास्कर ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर प्रो. डेनियल जिब्लैट से बात की। डेनियल के मुताबिक ट्रम्प पिछले कार्यकाल से दोगुने ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे। पार्टी के एकतरफा नेता हैं। कांग्रेस में पर्याप्त बहुमत और सुप्रीम कोर्ट में रिपब्लिकन रुख वाले जज हैं। अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ट्रम्प चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने का फैसला करते हैं तो इससे भारत को फायदा मिलने वाला है। सप्लाई चेन में भारत की भूमिका अहम रहने वाली है। अमेरिकी कंपनियां निश्चित तौर पर भारत की ओर आ सकती हैं।

डेनियल के मुताबिक कैसी होंगी ट्रम्प की नीतियां : वीजा- आशंका के बावजूद भारतीयों को एच1 बी में कमी नहीं आने वाली -अमेरिका में 2024 में 1.20 लाख एच1बी वीसा में से 25 हजार भारतीयों को जारी हुए। भारतीय पहले नंबर पर रहे। अमेरिकी टेक सेक्टर भारतीय टैलेंट पर निर्भर है। मस्क- विवेक रामास्वामी भारत के पक्ष में हैं। डिपोर्ट- 1.10 करोड़ अवैध प्रवासियों को निकालने में तेजी दिखाएंगे ट्रम्प- ट्रम्प का दावा है कि 1.10 करोड़ अवैध प्रवासियों को खदेड़ा जाएगा। इसके लिए नए बॉर्डर चीफ टॉम होमेन की नियुक्ति कर चुके हैं। दफ्तरों में छापे की कार्रवाई होगी। अवैध प्रवासियों में भारतीय तीसरे नंबर पर है।

पड़ोसी देशों के साथ पाकिस्तान का व्यापार घाटा 43.22 प्रतिशत बढ़ा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान का व्यापार घाटा पड़ोसी देशों के साथ 43.22 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेट बैंक ऑफ

पाकिस्तान (एसबीपी) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (जुलाई 2024 से जून 2025) के दौरान यह घाटा बढ़ा है। एसबीपी द्वारा रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस बढ़े हुए व्यापार घाटे का मुख्य कारण चीन, भारत और बांग्लादेश से आयात में वृद्धि है। पाकिस्तान के निर्यात में भी वृद्धि देखी गई है, खासकर अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किए गए निर्यात में। इसने निर्यात में गिरावट की कुछ हद तक भरपाई की है। आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान ने जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच अपने निर्यात को 7.85 प्रतिशत बढ़ाकर 2.40 बिलियन डॉलर कर लिया है। पिछले साल इसी अवधि में निर्यात का मूल्य 2.23 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान का निर्यात चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भारत, ईरान, नेपाल, भूटान और मालदीव सहित नौ देशों को बढ़ा है। हालांकि, पाकिस्तान का आयात भी बढ़ा है। विशेष रूप से, क्षेत्रीय देशों से आयात में 29.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाकिस्तान का आयात 7.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5.95 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था विकासशील मानी जाती है और यह जीडीपी (नाममात्र) के मामले में 46वीं सबसे बड़ी है। 2023 तक पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 241.5 मिलियन थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पाकिस्तान प्रति व्यक्ति आय के मामले में जीडीपी (नाममात्र) के हिसाब से 161वीं और जीडीपी (क्रय शक्ति समता) के हिसाब से 138वीं स्थिति में है। पाकिस्तान की शुरुआती आर्थिक स्थिति निजी उद्योगों पर निर्भर थी, लेकिन 1970 के दशक में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1990 के दशक में फिर से निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। वर्तमान में पाकिस्तान में आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें सरकारी निगमों का निजीकरण शामिल है, ताकि विदेशी निवेश आकर्षित किया जा सके और बजट घाटे को कम किया जा सके। हालांकि, राजनीतिक अस्थिरता, शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों और भारी विदेशी ऋण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कनाडा में 2 पुलिस अधिकारियों पर भारतीय दंपति और उनके नन्हे पोते की हत्या का आरोप

टोरंटो, एजेंसी। दो कनाडाई पुलिस अधिकारियों पर पिछले साल हुई एक घातक दुर्घटना से संबंधित अपराधों का आरोप लगाया गया है, जिसमें एक भारतीय दंपति और उनके नन्हे पोते की मौत हो गई। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (स्डू) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसे यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि डर्हम रीजनल पुलिस सेवा के अधिकारी, सर्जेंट रिचर्ड फ्लिन और कांस्टेबल ब्रैंडन हैमिल्टन, इस दुर्घटना से जुड़े आपराधिक अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। इन अधिकारियों पर हत्या या शारीरिक नुकसान के लिए आपराधिक लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। इस हादसे में 60 वर्षीय मणिवन्नन श्रीनिवासपिल्लई, उनकी 55 वर्षीय पत्नी महालक्ष्मी अनंतकृष्णन और उनके तीन महीने के पोते की मौत हो गई। दुर्घटना में 21 वर्षीय गगनदीप सिंह भी मारे गए, जो पुलिस द्वारा पीछा किए गए वैन के ड्राइवर थे। गगनदीप सिंह एक अंतरराष्ट्रीय छात्र थे और उस समय जमानत पर बाहर थे और उन्हें ड्राइविंग पर प्रतिबंध था। घटना की शुरुआत डर्हम रीजनल पुलिस को एक शराब की दुकान में हुई लूट के बारे में जानकारी मिलने से हुई। पुलिस ने उस वैन का पीछा करना शुरू किया, जो लूट में शामिल थी। फिर वह वैन एक राजमार्ग पर गलत दिशा में चलने लगी।

471 दिन बाद हमास के कब्जे से आजाद, इस्राइली परिजनों से भावुक मुलाकात

यरुशलम, एजेंसी। इस्राइल-हमास के बीच रविवार को तीन घंटे देरी से युद्ध विराम समझौता शुरू हुआ। इस दौरान हमास ने 471 दिनों के बाद तीन महिला बंधक रोमी गोनेन, एमिली दामरी और डोरोन स्टीनब्रेचर को रिहा कर दिया। तीनों महिलाएं अपने घर पर पहुंच गई, जिसकी तस्वीर इस्राइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की।

घर वालों के छलके आंसू : हमास की ओर से 471 दिनों तक बंधक बनाए रखी गई तीन महिलाएं जब छूटकर अपने घर पहुंचीं तो घरवालों के आंसू छलक पड़े। रिहा होने वालीं तीन इस्राइली महिलाओं में एक बेटी भी है, जिसे नृत्य करने में सबसे ज्यादा खुशी होती है। 24 साल की रोमी गोनेन की यही खुशी 7 अक्तूबर, 2023 को गम और खौफ में बदल गई। वह इस खौफनाक दिन हमास के हमले के दौरान नोवा उत्सव से भागने के दौरान बंधक बना ली गई थीं।

इस्राइल-हमास समझौते के बाद रोमी गोनेन के साथ ही ब्रिटिश-इस्राइली दोहरी राष्ट्रीयता रखने वाली 28 वर्षीय एमिली दामारी और 31 साल की पशु चिकित्सा नर्स डोरोन स्टीनब्रेच भी रिहा हुई हैं। एमिली दामारी को हमास ने किबुत्ज केफर अजा से बंधक बनाया था। रविवार को जब उनकी रिहाई हुई,तो परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा कि उनके लिए 471 दिन बहुत कष्टदायक रहे, पर उससे भी अधिक उनकी रिहाई के 24 घंटे का इंतजार कष्टदायक रहा। घर पहुंचने पर एमिली को गले लगाकर उनकी मां मैंडी रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि बेटी घर आ गई है।

खिलखिलाती मुस्कानों वाली रोमी से गुलजार हुआ घर : रोमी इस्राइल के उत्तर में केफर वेराडिम में अपने घर से नोवा उत्सव में शामिल होने गई थीं। उसके परिवार ने कहा कि वह वहां वह करने गई थी जो उसे पसंद

था, नृत्य करना। उसने 12 साल नृत्य सीखा और कोरियोग्राफर बन गई। हमास के हमलों के दौरान सायरन बजने पर रोमी ने अपने परिवार को फोन किया था। उनकी मां ने बेटी के साथ उस आखिरी कॉल में गोलियों की आवाज के साथ ही अरबी में चिल्लाने की आवाजें सुनी थीं। बीते नवंबर में पोस्ट एक वीडियो में उसे खिलखिलाती मुस्कानों, चमकदार रोशनी व सबसे अच्छी दोस्त लड़की कहा गया था।

नर्स डोरोन की बहन को मिली उनकी सनशाइन : हमास के हमले मंडोरोन स्टीनब्रेचर को किबुत्ज केफर अजा में उनके अपार्टमेंट से अगवा किया गया था। थिएटर व फिल्म की पढ़ाई के दौरान डोरोन का जानवरों के लिए प्यार बढ़ा। इस वजह से वह पशु चिकित्सक नर्स बन गईं। बीते साल मई में उनकी बहन यामित ने उन्हें एक एहसासों से भरा खत लिखा। इसमें उन्होंने डोरोन को अपनी सनशाइन कहा था। अब जब डोरोन घर लौटीं तो उन्हें लगा जैसे सच में घर में नई रोशनी आई है।

एमिली के घर पहुंचने पर रो पड़ी मां : 28 वर्षिय एमिली दामरी हमास ने किबुत्ज केफर अजा से बंधक बनाया था। रविवार को जब उनकी रिहाई हुई,तो परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा कि उनके लिए 471 दिन बहुत कष्टदायक रहे, पर उससे भी अधिक उनकी रिहाई के 24 घंटे का इंतजार कष्टदायक रहा। घर पहुंचने पर एमिली को गले लगाकर उनकी मां मैंडी रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि बेटी घर आ गई है। बता दें कि 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू इस्राइल-हमास युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई। वहीं लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। इस संघर्ष के दौरान मिस्र, कतर, अमेरिका जैसे कई देशों ने दोनों देशों के बीच स्थिति समान्य करने का प्रयास किया। आखिरकार इस्राइल ने 15 जनवरी को युद्ध विराम समझौता और बंधको की रिहाई पर सहमति जताई। गौरतलब है कि इससे पहले, नवंबर 2023 में एक सप्ताह के युद्ध विराम के दौरान भी 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था। इसके अलावा, इस्राइल रक्षा बल के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने बताया कि यह तीन महिलाएं हमास की कैद से 471 दिनों के बाद वापस लौटी हैं और उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी गई।

धरती के बढ़ते तापमान का नतीजा है लॉस एंजिल्स की आग

लॉस एंजिल्स, एजेंसी। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के महानगर लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग इस बात की चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन के चलते धरती का जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है, उसने दुनिया को नष्ट होने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है. आग ने हॉलीवुड और फैशन के लिए मशहूर शहर के बड़े हिस्से को चपेट में लेकर 10,000 से ज्यादा बहुमंजिले भवन राख कर दिए हैं. बचाव के लाख प्रयासों के बावजूद अभी तक 27 लोगों की जान जा चुकी है. इस महात्रासदी के पीछे वे ग्रीनहाउस गैसें रही हैं, जो धरती का तापमान बढ़ाकर पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतर बदलाव ला रही हैं. धरती के इस बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों को संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में पहले ही जता दिया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई देश पिछले कुछ सालों से भीषण गर्मी, सूखा, आग, तूफान, बर्फबारी, बाढ़ और बादल फटने व बिजली गिरने की घटनाओं से दो-चार हो रहे हैं. हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और खरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है. 60 देशों के 200 वैज्ञानिकों ने यह रिपोर्ट तैयार की है. इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 20 साल में धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा. वैज्ञानिकों

ने पहले अंदाज लगाया था कि यह तापमान 2050 तक बढ़ेगा, लेकिन अब यह दस साल पहले, अर्थात 2040 तक ही बढ़ जाएगा. तेज गर्म हवाओं के चलते 50 साल में बढ़ने वाला तापमान अब हर दस साल में बढ़ रहा है. संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी जलवायु परिवर्तन पैनल की इस रिपोर्ट को दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी रिपोर्ट कहा गया है. इस रिपोर्ट की पुष्टि यूरोपियन स्पेस एजेंसी कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने 10 जनवरी 2025 को की है. रिपोर्ट के अनुसार 2024 ऐसा पहला साल है, जब दुनिया का तापमान पूर्व औद्योगिक स्तर से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है. इस रिपोर्ट को जलते लॉस एंजिल्स के परिप्रेक्ष्य में देखने व परखने की जरूरत है. कैलिफोर्निया शहर पहाड़ों के बीच बसा है. यहां चीड़ के जंगल हैं. चीड़ के सूखे पेड़-पत्तों में आग लगने से जंगल जलने लग गया. कुछही घंटों में आग ने लॉस एंजिल्स के बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. शहर की हवा जहरीली हो गई. यहां 160 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली 'सांता सना' हवाओं ने आग को तेजी से भड़का दिया. आमतौर से पतझड़ के मौसम में चलने वाली ये हवाएं अत्यंत गर्म होती हैं. ये दक्षिण कैलिफोर्निया क्षेत्र को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं. यह आग इसलिए भी तेजी से भड़की क्योंकि कैलिफोर्निया में कई साल से सूखे के हालात बने हुए हैं. इलाके में नमी औसत स्तर से कम हो गई है।

नाइजीरियाई राष्ट्रपति ने की पेट्रोल टैंकर विस्फोट में 80 लोगों की मौत की पुष्टि

अबुजा, एजेंसी। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने रविवार को पुष्टि की कि देश के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक व्यस्त सड़क पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर के पलट जाने से उसमें विस्फोट हो गया, जिससे 80 से अधिक लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घटना और भारी जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए, टीनूबू ने विस्फोट को विनाशकारी बताया। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य के डिक्को क्षेत्र में कई निवासी गिरे हुए गैसोलीन टैंकर से ईंधन निकालने की कोशिश करते समय भीषण आग में फंस गए।

नाइजीरियाई नेता ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने सुरक्षा और सड़क सुरक्षा अधिकारियों को इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नागरिकों को सावधानी बरतने और दुर्घटना स्थलों, विशेष रूप से ईंधन से भरे वाहनों के पास जाने से बचने की सलाह दी।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने नेशनल ओरिएंटेशन एजेंसी को एक राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान शुरू करने का आदेश दिया है। यह अभियान गिरे हुए टैंकरों से ईंधन निकालने के गंभीर जोखिमों और पर्यावरणीय खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाएगा। नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकर विस्फोट असामान्य नहीं

हैं, जिससे अक्सर लोग हताहत होते हैं। पिछले साल सितंबर में नाइजर राज्य में एक व्यस्त राजमार्ग पर गैसोलीन से लदे टैंकर में विस्फोट होने से 48 लोग मारे गए थे। कई नाइजीरियाई लोग लगातार हो रही घटनाओं के लिए मौजूदा आर्थिक कठिनाई को जिम्मेदार ठहराते हैं, जिसने लोगों को हताश करने वाले काम करने के लिए मजबूर किया है, जिसमें गिरे हुए टैंकरों से गैसोलीन निकालना भी शामिल है। वहीं, अन्य लोग इसी तरह की आपदाओं को रोकने के लिए सख्त यातायात नियमों की मांग कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर की शुरुआत में टीनूबू ने ईंधन परिवहन सुरक्षा प्रोटोकॉल की तेजी से समीक्षा करने और उसे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, और पुलिस को गश्त बढ़ाने, सुरक्षा नियमों बढ़ाने और अन्य राजमार्ग सुरक्षा तंत्र जैसे उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया।

पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने बच्चों से मिलाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी

कराची , एजेंसी। चार बच्चों के साथ 2023 में गैर कानूनी तरीके से भारत गयी पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने पड़ोसी देश की सरकार से अपने बच्चों से मिलने और उन्हें अपने पास रखने में मदद करने की अपील की है। सीमा अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए भारत आई थी, जिससे उनकी मुलाकात ऑनलाइन माध्यम से हुई थी। सीमा (32) सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है और मई 2023 में अपने बच्चों को लेकर कराची स्थित अपने घर से नेपाल के रास्ते भारत आई थी।

वह जुलाई 2023 में तब सुर्खियों में आई जब भारतीय अधिकारियों ने उसे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में भारतीय नागरिक सचिन मीणा (27) के साथ रहते हुए पाया। सचिन का दावा है कि दोनों ने शादी कर ली है। दोनों का संपर्क 2019 में ऑनलाइन खेल पबजी खेलते समय हुआ था। सीमा और सचिन को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमा पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है जबकि सचिन पर अवैध प्रवासी को शरण देने का आरोप लगाया गया था। सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने हाल में एक वीडियो संदेश में विदेश मंत्री एस जयशंकर से 'न्याय' दिलाने की अपील की।

हैदर ने दावा किया कि वह प्रमुख पाकिस्तानी वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अंसार बर्नी की मदद से 2023 के अंत से अपने बच्चों का सरंक्षण हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

बर्नी ने पिछले वर्ष फरवरी मेंपुष्टि की थी कि हैदर ने उनसे मदद मांगी थी तथा भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए एक भारतीय वकील की सेवा ली थी। उन्होंने कहा, ''उचित प्रक्रिया के बाद, हमने एक भारतीय वकील अली मोमिन की सेवा ली और भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए वकालतनामा भेज दिया है।''

लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मामला शुरू हुआ है या नहीं। हैदर ने वीडियो संदेश में दावा किया, ''मामला अदालत में लंबित हुए एक साल हो गया है और मैंने 2023 से अपने बच्चों को नहीं देखा है।'' उन्होंने कहा, ''मैं भारतीय (विदेश) मंत्री एस. जयशंकर से न्याय दिलाने की अपील करता हूं।'' हैदर ने आरोप लगाया कि बच्चे अपनी मां की वजह से भारत में फंसे हुए हैं। उन्होंने दावा किया, ''वह जबरन उनका नाम और धर्म बदलने की कोशिश कर रही है।''

सीमा जब संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के रास्ते भारत आई तब हैदर सऊदी अरब में काम कर रहा था।

मई 2023 में उसके सभी चार बच्चो की उम्र सात साल से कम थी। सीमा ने इससे पहले बीबीसी को दिए गए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने हिंदू धर्म अपना लिया है। उन्होंने पाकिस्तान लौटने से भी इनकार कर दिया। सीमा का दावा है कि उनके बच्चों ने भी हिंदू धर्म अपना लिया है। सीमा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि वह सचिन के साथ बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 21 जनवरी 2025 | 8

हाल ही में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में रीवा की आटो चालक की बेटी आयशा अंसारी डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। उप मुख्यमंत्री ने सीएम राइज पीके स्कूल में आयोजित समारोह में आयशा को बधाई देते हुए सम्मानित किया।

किसान, गरीब और आमजनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री ने करहिया नम्बर दो में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के समीप करहिया नम्बर दो में 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए हर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नवनिर्मित भवन इसका प्रमाण है। डॉक्टर और अन्य चिकित्साकर्मी सेवा की भावना से रोगियों का तत्परता से उपचार कर इसे सार्थक बनाएं। प्रदेश में तीन हजार डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों की भर्ती की जा रही है। रीवा का सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल जटिल रोगों का उपचार लगातार सफलतापूर्वक कर रहा है। इस अस्पताल को हर आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराया गया है। जिसके फलस्वरूप ओपन हार्ट सर्जरी तथा किडनी ट्रांसप्लांट जैसे आपरेशन भी यहाँ हो रहे हैं। किसान, गरीब और आमजनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करें। इनमें यदि संसाधनों की कमी है तो उसे पूरा कराया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जनकल्याण के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। यहाँ अगडाल में स्वास्थ्य केन्द्र भवन की माँग रखी गई। इसे तत्काल मंजूर कर दिया गया है। दो-तीन दिनों में इसका कार्य शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा आमजन उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

भारत पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

रीवा। गणतंत्र दिवस की संध्या में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे नगर निगम रीवा के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि भारत पर्व में संस्कृति विभाग द्वारा तय कलाकारों के दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम से भारत पर्व के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आमजनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

दिसम्बर माह के आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें : कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन पत्रों का दो दिवस में निराकरण करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में दिसम्बर माह में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं जिससे विभागों की जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग द्वारा सौ से अधिक आवेदन पत्रों को फोर्स क्लोज करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि बिना उचित कारण और कार्यवाही के कोई भी आवेदन फोर्स क्लोज न करें। फोर्स क्लोज किए गए आवेदनों का पूरा विवरण प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली बिलों में सुधार के 20 प्रकरणों का भी विवरण आज शाम तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निराकरण करें। इनके निराकरण की जानकारी विभागीय पोर्टल में भी अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। अभियान पूरा होते ही 26 जनवरी को जनकल्याण पोर्टल का डाटा फ्रीज कर दिया जाएगा। यदि विभागीय पोर्टल में इससे पृथक जानकारी मिली तो संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के निराकृत आवेदन पत्र आरसीएमएस पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। इसी तरह अविवादित बंटवारा, सीमांकन तथा नामांतरण के जो प्रकरण जनकल्याण अभियान के दौरान निराकृत किए गए हैं उन्हें दोनों पोर्टलों पर दर्ज कराएं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनरेगा में मजदूरी भुगतान से संबंधित सभी प्रकरण दो दिवस में निराकृत करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के लेबल-1 पर अटेण्ड न करने पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने कहा कि जनपद के सीईओ श्रम विभाग की संबल योजना के पंजीयन के सभी आवेदन पत्र दो दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। ग्राम पंचायत से पंजीयन ऑनलाइन दर्ज कर उसका जनपद से सत्यापन करें। समाधान एक दिन के भी प्रकरणों के निराकरण पर ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन पूरा हो गया है उन केन्द्रों को बंद कराने की कार्यवाही करें। उपार्जित धान के सुरक्षित भण्डारण और किसानों को राशि के भुगतान पर विशेष ध्यान दें। बैठक में राजस्व महाभियान, गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों तथा छात्रावासों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पर्यावरण कार्य योजना की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करें : कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला पर्यावरण प्रबंधन कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें शामिल सात बिन्दुओं से जुड़े विभागों के अधिकारी कार्ययोजना की जानकारी तत्काल प्रस्तुत कर दें। जानकारी निर्धारित पत्रक में ही प्रस्तुत करें। इस कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य जिले में जल, वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण प्राप्त करना है। यह कार्ययोजना हर वर्ष तैयार की जाती है। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण, पानी की गुणवत्ता में नियंत्रण, प्लास्टिक प्रबंधन, खनिज प्रबंधन, शोर पर नियंत्रण, घरेलू कचरे के प्रबंधन तथा औद्योगिक कचरे के प्रबंधन सहित अन्य बिन्दु शामिल किए गए हैं।

बैठक में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी संजय सिंह ने जिला पर्यावरण प्लान के बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को उनसे जुड़े बिन्दुओं का प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। सभी अधिकारी 25 जनवरी तक मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दें जिला पर्यावरण प्लान तैयार किया जा सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम राइज स्कूल में कान्वेंट स्कूलों जैसी मिलेगी शिक्षा : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री ने पीके सीएम राइज स्कूल में बस सेवा का किया शुभारंभ

रीवा

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सीएम राइज स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। सीएम राइज पीके स्कूल में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बस सेवा का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने चार बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूल में आधुनिक शिक्षा के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन स्कूलों में गरीब परिवार सहित सभी के बच्चों को कान्वेंट स्कूलों जैसी शिक्षा मिलेगी। पीके सीएम राइज स्कूल में 54 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन बनाया जा रहा है। इसमें लगभग पाँच हजार छात्राओं को अच्छी शिक्षा की सुविधा मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से स्कूल में बस सेवा शुरू हो गई है। भवन निर्माण पूरा होने पर यहाँ से 18 बसें संचालित करके आसपास के 10 किलोमीटर की परिधि की छात्राओं को आवागमन की सुविधा देकर शिक्षा दी जाएगी। पीके स्कूल रीवा शहर का गौरव है। इसमें आधुनिक मैकेनाइज्ड किचन तथा ऑडिटोरियम का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसी स्कूल की छात्रा आयशा अंसारी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके डिप्टी कलेक्टर का पद पाया है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह ने किया। प्राचार्य ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनधिगण, शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

गणतंत्र दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

रीवा। जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षक परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियाँ निकाली जाएंगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांसदगण, विधायकगण, महापौर, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों, सैन्य व असैनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा दीनदयाल धाम पार्क में आज लगाया जायेगा शिविर

रीवा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 21 जनवरी को वार्ड क्रमांक 3 के लिए दीनदयाल धाम पार्क में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

युवा संगम कार्यक्रम में 299 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर

रीवा

शासकीय आईटीआई रीवा में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 580 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 8 निजी कंपनियों ने 299 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में यशस्वी ग्रुप भोपाल ने 110, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर ने 23, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर ने 19 , प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा ने 35, आर्मस ग्रुप पीथमपुर ने 30, प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 30, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पुणे ने 22 तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. ने 30 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले में इंटरनेशनल मार्केटिंग कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 37 तथा यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लक्ष्मणपुर रीवा द्वारा 35 युवाओं का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का बन रहा है केंद्र

लीडलैस पेसमेकर का सफलतापूर्वक किया गया इंप्लांट

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल न केवल विंध्य क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन रहा है। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने यह साबित कर दिया है कि अब ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में भी जटिलतम चिकित्सा प्रक्रियाएं संभव हैं। लीडलैस पेसमेकर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग हृदय रोगियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है, और यह प्रक्रिया प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करने का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की प्राथमिकता है कि दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को भी बड़े शहरों जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलें।

रीवा स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सतना जिले की 62 वर्षीय महिला मरीज को, जो पूर्ण हृदय अवरोध (हृदय की धड़कन 30) से पीड़ित थीं, अत्याधुनिक लीडलैस पेसमेकर का सफलतापूर्वक इंप्लांट कर नई जिंदगी प्रदान की गई। यह प्रक्रिया विश्वभर में हृदय रोगियों के लिए सबसे जटिल मानी जाती है और इसे सफलतापूर्वक संपन्न करना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रीवा के लिए गौरव का विषय है।

गणतंत्र दिवस में सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियाँ

रीवा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें।

लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत खनिज राजस्व वसूल करें : कमिश्नर

रीवा

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने खनिज विभाग की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के खनिज अधिकारी विभाग द्वारा निर्धारित खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली करें। इसके लिए विशेष प्रयास करें। रेलवे, सड़क निर्माण तथा अन्य बड़ी परियोजनाओं में खनिज पदार्थों के उपयोग की भी पूरी रायल्टी वसूल करें। इसके लिए निर्माण एजेंसियों के साथ संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित करें। रीवा और मैहर के खनिज अधिकारी राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें। सिंगरौली में नेशनल कोल्डफील्ड्स लिमिटेड द्वारा कोल परिवहन पर भी निगरानी रखें। वर्तमान वर्ष के साथ-साथ गत वर्ष के बैकलॉग राजस्व की भी वसूली करें।

बैठक में जिला खनिज अधिकारी रीवा दीपमाला तिवारी ने बताया कि खनिज पदार्थ का परिवहन करने वाले वाहनों की जाँच के लिए सभी प्रमुख मार्गों में इलेक्ट्रॉनिक जाँच नाके स्थापित किए जा रहे हैं। सीधी जिले में बघवार, मैहर में बधनपुर, सतना जिले में बेला, रीवा जिले में चाकघाट, सिंगरौली जिले में निगरी तथा अन्य चिन्हित स्थानों पर नाके स्थापित किए जा रहे हैं। इनसे सेटेलाइट के माध्यम से वाहनों की निगरानी होगी। ठेकेदार यदि स्वीकृत खदान की सीमा से बाहर उत्खनन करते हैं तो इसकी भी निगरानी सेटेलाइट के माध्यम से की जा रही है। कुछ ही दिनों में उत्खनन की गतिविधियों पर आधुनिक संचार तकनीक से निगरानी की व्यवस्था हो जाएगी। प्रत्येक जिला कार्यालय में स्थित कंट्रोल रूम से खनिज पदार्थों के उत्खनन और परिवहन की निगरानी की जा सकेगी। बैठक में खनिज अधिकारी सिंगरौली एके राय ने बताया कि भण्डारण की अनुमति लेकर खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन में लिप्त रहने वाले सीधी और सिंगरौली के ठेकेदारों की भण्डारण अनुमति निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा संभाग के सभी जिलों के खनिज अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833